




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 321 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in


भाजपा का झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन

## पांच फरवरी को आप-दा मुक्ति दिन-गृहमंत्री शाह



नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी दिल्ली में चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है। आक्रामक तेवर अख्तियार करते हुए अपने चीर परिचित अंदाज में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया। भ्रष्टाचार, शराब घोटाला ही नहीं दिल्ली के विकास में बाधा डालने का भी आरोप मढ़ा। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आए पांच हजार से अधिक झुग्गी बस्ती के प्रधानों के सामने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनी तो सभी को पक्का मकान मिलेगी। गृहमंत्री ने जोर देकर कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आएगी तो जनकल्याण की किसी योजना को बंद नहीं किया जाएगा। मनरेगा का उदाहरण भी दिया और कहा कि कांग्रेस कहती थी कि भाजपा सरकार इसे बंद कर देगी लेकिन उनकी सरकार ने पैसा दोगुना बढ़ा दिया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन अमित शाह ने कहा कि भ्रष्टाचारी अरविंद केजरीवाल अपनी ही पार्टी के लिए आप-दा बन गए हैं। दिल्ली वालों को ही नहीं समाजसेवी अन्ना हजारे को भी झांसा दिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले केजरीवाल देश में सबसे अधिक भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बना चुके हैं। भ्रष्टाचार मुक्त बनाने आए केजरीवाल खुद तो जेल गए ही उनके विधायक, सांसद यहां तक कि मंत्री भी जेल में गए। भाजपा ने 26 सप्ताह तक झुग्गी बस्ती वालों का दर्द को सुनने का काम किया है। सभी समस्याओं की सूची प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी गई है। भाजपा के घोषणा पत्र में एक-एक दुख का ईलाज आयाएगा। भाजपा का घोषणा पत्र पत्थर की लकीर होता है। आप-दा की तरह झूठ नहीं होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली यह है कि वहीं कहते है जो कर सकते है। कई सारी आपदाओं से मुक्त करने वाला घोषणा पत्र होगा। गृह मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जहां जाते है वहां लोगों को शराब की बोतल दिखाई पड़ती है।

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ

# रामलला के चरणों में झुकाया शीश, योगी बोले-राम हैं तो राष्ट्र है

अयोध्या/ एजेंसी



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के अवसर पर श्री राम मंदिर में पूजा की। इसके बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आज से एक साल पहले 500 साल का इंतजार खत्म कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि हर दिन औसतन 1.5 से 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। 2014 से पहले अयोध्या में बिजली नहीं थी। योगी ने कहा कि अयोध्या में साफ-सफाई नहीं थी। अयोध्या में कोई एयरपोर्ट नहीं था। लेकिन आज अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। अयोध्या में फोर-लेन और सिक्स-लेन सड़कें बनाई गई हैं। सरयू नदी के घाट देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम जाति, क्षेत्र, भाषा के आधार पर बंटे रहे तो सबसे पहले इसका खामियाजा धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा। हम सभी को एकजुट रहना चाहिए। एक साल पहले पीएम मोदी ने भी कहा था कि भगवान राम राष्ट्र के प्रतीक हैं. 'राम हैं तो राष्ट्र हैं, राष्ट्र हैं तो राम हैं।' राम मंदिर ट्रस्ट मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए अयोध्या में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगा। ये समारोह 11 से 13 जनवरी तक निर्धारित हैं। आम लोगों के साथ-साथ लगभग 110 वीआईपी, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 'भारत की लोक रानी' मालिनी अवस्थी जैसे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा; पार्श्व गायिका और राजनीतिज्ञ अनुराधा पौडवाल और कवि कुमार विश्वास सहित अन्य। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, तीन दिवसीय उत्सव के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ राम कथा और राम लीला प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने लिखा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

**जातियों में विभाजित रहेंग तो अपमानित होना पड़ेगा-** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया था कि राम राष्ट्र के प्रतीक हैं। राम हैं तो राष्ट्र है, राष्ट्र है तो राम हैं। दोनों को अलग नहीं कर सकते, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता और संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। समाज बंटा था तो देव स्थल अपमानित हो रहे थे।

रायपुर में बड़ा हादसा

## निर्माणाधीन इमारत के सातवीं मंजिल से गिरे मजदूर, दो की मौत, आठ घायल




रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। वीआईपी रोड स्थित एक कॉम्प्लेक्स के सातवीं मंजिल की सेंट्रिंग गिरने से 10 मजदूर दब गए। इनमें घायल 10 मजदूरों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाकी घायल मजदूरों का रायपुर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इसकी पुष्टि की है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। 10 घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई। बताया जाता है कि वीआईपी रोड स्थित अविनाश एलिगेंस की निर्माणाधीन रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स की सेंट्रिंग गिरने से 10 मजदूर दब गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर मौजूद हैं। सभी राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि ढलाई के दौरान सातवीं मंजिल की सेंट्रिंग गिरने से मजदूर नीचे गिर गये। मलबे में दबे 10 मजूदरों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। 10 में से दो मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम रहमत खान है। वहीं एक मृतक मजदूर की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। पुलिस प्रशासन का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मौके पर कलेक्टर गौरव सिंह समेत प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### गुरुदेव सोहनलाल बापजी की पुण्यतिथि आज



**दुर्ग ।** पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में आज 12 जनवरी को चालीसगांव महाराष्ट्र के अवतारी संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी की 24वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 10 बजे पूजा अर्चना उपरांत प्रसिद्ध गायक गौरव बजाज द्वारा बापजी महाराज के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किया गया हैं। जिसकी तैयारियों में दरबार के सदस्य जुटे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर के प्रमुख रमेश कुमार जैन व सुश्री पायल जैन द्वारा श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### हरिनामरूपी धन के महाधनी थे सुदामा, गरीब कहना अनुचित - पं. पोषण तिवारी



**बेमेतराः-** कन्तेली में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पावन अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. पोषण तिवारी जी (सिंघौरी) ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का प्रभावशाली वर्णन किया। कथा के दौरान पं. तिवारी जी ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए, उनके अनन्य मित्र सुदामा जी के चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया। पं. तिवारी ने सुदामा की ज्ञान, भक्ति और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट आस्था का उल्लेख करते हुए उनके जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस यज्ञ में परायणकर्ता पं. शुभम दुबे हैं।इस पवित्र आयोजन को सफल बनाने में साहू परिवार के बाबूराम साहू- भुरी बाई, दिनेश साहू- दामिनी बाई, टोमन साहू- चम्पा बाई, भुजेन्द्र साहू- लक्ष्मी बाई, अर्जुन साहू- ओमिन बाई का विशेष योगदान रहा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण हेतु विनम्र आग्रह किया। कथास्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, और भगवान श्रीकृष्ण की कथा का रसपान करते हुए श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। कथा का यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बना।

### शा.आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस...

**बेमेतरा**/ छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए स्कूलों विद्यालयों पर संविधान दिवस के स्वरुप में स्कूली छात्र-छात्राओं को विधि जानकारी देने के लिए एक संविधान कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कार्यशाला प्रारंभ होने के पहले ही आए अतिथियों ने भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर फूलमार्यापण कर कार्यक्रम की शुरूआत कर अतिथियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना एवं उनकी उद्देशिका का वाचन स्कूली पढने वाले छात्रों को करवाया द्य इस संविधान कार्यशाला पर भारतीय संविधान के रचनाकार एवं उनके लिखने वाले तथा भारतीय संविधान कितने पृष्ठों में अंकित किया गया कितने शब्दों में अंकित किया कितने दिनों में उनकी रचना की गई इन तमाम गतिविधियों की जानकारी स्कूली पढ़ने वाले छात्रों को दी गई इस दौरान आए अतिथियों ने स्कूली छात्रों को प्रश्न भी पूछे गए द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बृजमोहन शर्मा,अधिवक्ता रजनी चौबे, अरुण खरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा,संतराम साहू प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, राजेन्द्र साहू बी आर सी बेमेतरा, धनंजय शर्मा एपीसी,कविता बाजपेई,मनोज कुमार बक्शी भुवन लाल साहू प्राचार्य लावातरा, बहोरिक साहू प्राचार्य कुसमी, हिरउ राम धुव प्राचार्य तिलईकुड़ा,वार्ड पार्षद बेमेतरा व समाज सेविका नीतू कोठारी,सहित स्कुली बच्चें व मिडिया के साथियो की उपस्थिति में संविधान कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ।

# द्वितीय सोपान जाँच शिविर शा. उ. मा. वि. डमरू में सम्पन्न



**भाटापारा (समय दर्शन)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ बलौदाबाजार के आदेशानुसार स्थानीय संघ बलौदाबाजार के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला आयुक्त आर. के. टंडन के मार्गदर्शन में दिनाँक 06 जनवरी से 10 जनवरी 2025 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू में द्वितीय सोपान जाँच शिविर सम्पन्न हुआ। इसके समापन समारोह के अवसर पर आयोजित विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त हिमांशु भारतीय, जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वंदना तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा , निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल , विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला आयुक्त आर. के. टंडन, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू व्याख्याता मुंशीराम साहू राजेश कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्काउट्स/गाइड्स के द्वारा सुवा, करमा, डांडिया, पंथी, राउत नाचा, हमर बलौदाबाजार आदि की प्रस्तुति दी गई। उद्बोधन एवं आशीर्वचन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर के टंडन ने कहा- स्काउट/गाइड के गतिविधि व्यावहारिक एवम जीवनोपयोगी है तथा इसमें प्रत्येक स्कूलों की सहभागिता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निवर्तमान अध्यक्ष रामाधार पटेल ने स्काउटिंग से जुड़कर समग्र विकास करने पर प्रकाश डाला। जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने अपने स्काउटिंग अनुभव साझा करते हुए चरित्र निर्माण और नेतृत्व कौशल गुण विकास का माध्यम बताया। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कहा- कक्षागत विषय के अलावा प्रत्येक विद्यार्थियों को स्काउट, एनसीसी, एनएसएस,या स्पोर्ट चयन अनिवार्यतः चुनने चाहिए तथा इसे संकुल स्तर पर आयोजित कर अधिकतम लोगो तक पहुंचाए ताकि समाज स्काउट/गाइड से लाभान्वित हो। राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी ने स्काउटिंग विषयों पर स्काउट/गाइड से अनुभव साझा कराते हुए, बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू से 14 स्काउट/गाइड, शासकीय हाई स्कूल नयापारा से 14 स्काउट/गाइड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताराशिव से 14 स्काउट/गाइड, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रसेड़ी से 12 स्काउट/गाइड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा से 10 स्काउट/गाइड तथा टाटा डी. ए. व्ही स्कूल सोनाडीह से 10 स्काउट/गाइड कुल 74 स्काउट्स/गाइड्स उपस्थित रहे। यह सम्पूर्ण शिविर शिविर संचालक एवं जिला सचिव जगदीश कुमार साहू के संचालन में गाइड शिविर संचालक सुश्री गीता ध्रुव , सहायक संचालक गंगाराम वर्मा, श्री भरत लाल साहू, धनेश वर्मा, अरविंद चौहान, हरिसिंह सूर्यवंशी के कुशल संचालन में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रशिक्षण के दौरान आंदोलन का ज्ञान, प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, फंडामेंटल, सीटी का संकेत, यूनीफार्म, ध्वज शिष्टाचार, टोली विधि, खोज चिन्ह, गाँठे, मार्च पास्ट, दिशा ज्ञान, कम्पास, आग, बी पी सिक्स, योगा, चिन्ह, सैल्यूट, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, हाईक,

ध्वज की जानकारी, टेंट पीचिंग, कुकिंग आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू के प्राचार्य बी. आर. श्रेय के द्वारा समस्त स्काउट्स/गाइड्स के लिए विद्यालय की ओर से भोजन की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश कुमार साहू ने तथा आभार प्रदर्शन मुंशीराम साहू ने किया।

## डॉ. शिल्पी समद्दार पत्रकारिता में विशेष योगदान के लिए सम्मानित




**दुर्ग (समय दर्शन)।** इंडियन जर्नलिस्ट्स फेडरेशन का दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय सम्मेलन सिलीगुड़ी में संपन्न हुआ जिसमें 18 राज्य से शामिल हुए विभिन्न पत्रकार इस सम्मेलन में बिमल थांब को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया, जी. सांता राम को महासचिव और अनीश विश्वास लाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पत्रकारों ने मीडिया और पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान कई प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ की मेधावी पत्रकार डॉ. शिल्पी समद्दार (सदा बाहर) को भी उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। और दो राज्यों का सचिव भी बनाया गया है असम और दिल्ली का कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग और पत्रकारिता में नयी संभावनाओं पर जोर दिया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन के माध्यम से पत्रकारों को मंच प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## एनएमडीसी किरंदुल सीएसआर के अंतर्गत सब्जी बीज वितरण




**किरंदुल (समय दर्शन)।** एनएमडीसी लिमिटेड की महत्वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्पलेक्स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी.के. माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्तर बढ़ाने और जीविकोपार्जन के लिए आदिवासी किसानों की मांग पर सीएसआर के अन्तर्गत सब्जी बीज का वितरण ग्राम मदाड़ी, चोलनार, पीरनार, हिरोली, समलवार, कलेपाल,कोड़ेनार एवं किरंदुल बस्ती के आदिवासी किसानों को किया गया। परियोजना प्रबंधन द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को स?वरोजगार अवसर प्रदान करना, सब?जी उद्योग से जोड़ना जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो। ग्रामीणों के सब्जी उत?पादन से आमजनों को ताजी, पौष्टिक तथा मल्टीविटामिन प्राप्त होंगे साथ ही सब्जी उद्योग से देश की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होगा। सब्जी बीज वितरण के दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से श्री विवेक कुमार रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर) एवं एस.आर.गावडे, प्रबंधक (सिविल)/सीएसआर के साथ विभिन्न ग्राम के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे। सब?जी बीज प्राप्त होने पर आदिवासी ग्रामीणों ने एनएमडीसी परियोजना की सराहना की।

## सफाई को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पाटन के नए सीएमओ ने जारी किया निर्देश, वे खुद सुबह सुबह वार्डो ने सफाई व्यवस्था देखने पहुंच रहे है



**पाटन (समय दर्शन)।** नगर पंचायत पाटन में इन दोनों सफाई को लेकर नगर पंचायत पाटन में पदस्थ नए सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा काफी कड़े नजर आए। उन्होंने स्वच्छता दीदियों सहित स्वच्छता कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया है की सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। सफाई के मामले में कोताही बर्दाश्त बिल्कुल भी नहीं की जाएगी इसके लिए सीएमओ श्री वर्मा स्वयं सुबह से उठकर विभिन्न वार्ड में पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्था का जायजा भी ले रहे हैं ।

नगर पंचायत पाटन के सभी 15 वार्डों में साफ साफ सफाई को लेकर काफी गंभीरता बरती जा रही है । बता दे की नगर पंचायत पाटन को स्वच्छता एवं साफसफाई के लिए कई राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड भी मिल चुका है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए नगर के सीएमओ सहित कर्मचारी गण काफी एहतियात बरत रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर भी नगर में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दिनों नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद हेमंत कुमार वर्मा ने सबसे पहले स्वच्छता को लेकर दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बेहद जरूरी है। पाटन नगर की पहचान स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है। वार्डों की साफ सफाई के अलावा चौक चौराहा, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थानों के साफ-सफाई भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लगातार स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिए कि वह स्वच्छता के लिए कोताहि न बरते । साथ ही साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लगातार फील्ड में जाकर मॉनिटरिंग भी करता रहे । आज शनिवार को सुबह नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 5 तक के उन्होंने भ्रमण किया साथ ही साथ सफाई व्यवस्था का जायजा भी किया।

## भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का पाटन में भाजपाइयों ने किया जोशीला स्वागत, जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पाटन आगमन



**पाटन (समय दर्शन)।** भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष नियुक्ति के बाद पहली बार पाटन नगर आगमन पर सुरेंद्र कौशिक का नगर के भाजपाइयों ने उनका जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे। भाजपा दुर्ग जिला के नए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का प्रथम बार पाटन नगर आगमन हुआ। जिला अध्यक्ष नियुक्ति के बाद यह पहला नगर आगमन था। इस कारण पाटन नगर सहित पाटन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का जोशीला स्वागत किया । वह शासकीय कॉलेज के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पाटन पहुंचे इससे पहले उनका स्वागत स्वामी आत्मानंद चौक पाटन में नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा पाटन मंडल के अध्यक्ष रानी बंछोर ,महामंत्री अखिलेश मिश्रा ,सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ,बाबा वर्मा ,होरी देवांगन, चंद्रिका साहू, राजा शर्मा, कुणाल शर्मा, नितेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, हरिशंकर साहू, दामोदर चक्रधारी, लक्ष्मण निर्मलकर, डॉ सुरेश साहू, सागर, निशा सोनी, लोक मणि चंद्राकर, सहित अन्य मौजूद रहे।

# महासमुंद पुलिस के द्वारा ग्राम खुसरुपाली रोड के पास हुई झपटमारी का खुलासा

## बुजुर्ग व्यक्ति ने बैंक से पैसा निकाल कर घर जाते समय झपटमारी करने वाला 01 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के द्वारा सात दिन पहले मोटर साइकिल चोरी कर घटना को दिया अंजाम
- आरोपी के कब्जे से झपटमारी के नगदी रकम 44000 रूपये बरामद हुआ है
- पुलिस की टीम के द्वारा 48 घंटों के भीतर झपटमारी का किया खुलासा किया गया
- सायबर सेल एवं चौकी भंवरपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही




**बसना( समय दर्शन )।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है- प्रार्थी हरिशचन्द्र यादव सा. ग्राम उमरिया ने चौकी भंवरपुर में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि, दिनांक 07/01/2025 को सहकारी बैंक भंवरपुर से 49,000 रूपये निकालकर अपने घर उमरिया पैदल जा रहा था,तभी रास्ते में खुसरूपाली मोड के पहले मेन रोड में किसी अज्ञात मोटर साइकिल चालक द्वारा पीछे से आकर मेरे 49,000 रूपये को झपटकर ले गया है । प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी भंवरपुर थाना बसना में अपराध/धारा 304(2) बी.एन.एस. का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा गया तथा मुखबिर को सक्रिय कर अज्ञात आरोपी के बारे में पतासाजी की जा रही थी। पुलिस टीम के द्वारा जिला सहकारी बैंक भंवरपुर के पास उक्त मोटर साइकिल एवं हुलियें की व्यक्ति की पतासाजी की जा रही थी,, जो देखे गये सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज के आधार पर उक्त मोटर साइकिल व्यक्ति दिखा।

जिसे पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम (01) केशव प्रसाद खुटे पिता कपीलनाथ खुटे उम्र 22 साल साकिन तिलईपाली थाना सरसिवां जिला सारंगढ बिलाईगढ होना बताया। टीम के द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 07.01.2025 को चोरी के एक लीवो मोटरसाइकिल में पैसा झपटने की नीयत से सहकारी बैंक भंवरपुर आना बताया तथा बुजुर्ग व्यक्ति भंवरपुर से बसना मार्ग की ओर पैदल जाने लगा तो मोटरसाइकिल से बुजुर्ग का पीछा करने लगा। वह बुजुर्ग व्यक्ति सरायपाली जाने वाले रोड में मुड गया तभी धीरे-धीरे मोटर साइकिल से उसका पीछा करते हुए आगे बढ रहा था,, जब बुजुर्ग व्यक्ति रोड में सुनसान जगह पर पहुंचा तो मोटर साइकिल से तेजी से उसके पीछे पहुंचकर उसके गमछे को झपटा और आगे की ओर भाग गया

उस बुजूर्ग व्यक्ति के गमछे मे कुल 49,000.00 रूपये होना बताया तथा अपराध घटित करना स्वीकार किया।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी के कब्जे से एक काले रंग की लियों होण्डा गाड़ी तथा झपटमारी की गई नगदी रकम 44000 रूपये,को विधिवत जप्त किया गया । आरोपी केशव प्रसाद खुटे के विरूध्द चौकी भंवरपुर थाना बसना में अपराध धारा 304(2) बी.एस.एस. के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी

(01) केशव प्रसाद खुटे पिता कपीलनाथ खुटे उम्र 22 साल साकिन तिलईपाली थाना सरसिवां जिला सारंगढ बिलाईगढ

जप्त सामग्री

01. झपटमारी की नगदी रकम 44000 रूपये

02. घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल।

आरोपी को पकड़ने मे भंवरपुर चौकी व थाना बसना के प्रभारी गण व पुलिस की संयुक्त टीम का सहयोग रहा ।

**सार समाचार**

## सूने मकान से चार लाख की चोरी

**रायपुर( समय दर्शन )।** हर्ष विहार दलदल सिवनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बी.पी. बंजारे 66 वर्ष हर्ष विहार दलदल सिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 4 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## लोहे के गत्ता से युवक पर हमला

**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम तामासिवनी में जमीन हड़पने की विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक पर लोहे की गत्ता से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तामासिवनी निवासी शेषनारायण साहू 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी योगेश कुमार साहू ने पैतृक जमीन के विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर लोहे के गत्ते से प्रार्थी पर हमला कर घायल कर दिया।

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजधानी की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। नगर निगम की टीम मालवीय रोड, पेटीलाइन एवं चिकनी मंदिर मार्गों में पहुंची और सड़कों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि दुकानों से सड़कों तक अतिक्रमण किया जाएगा तो कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मालवीय रोड एवं पेटीलाइन की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की गई। 32 दुकानों पर कार्रवाई करते हुए उसे हटाया गया और सड़क पर कब्जा करके रखे गए सामानों की जब्ती की गई। यह अभियान सतत जारी रहेगा। साथ ही जुर्मानें की कार्रवाई भी निरंतर जारी है। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों में वर्तमान में कार्रवाई की गई है, उन स्थानों में दोबारा अतिक्रमण नहीं होनी चाहिए और जोन अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें और साफ-सफाई भी निरंतर होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के निर्देश पर राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य पाने में छत्तीसगढ़ की होगी सबसे अहम भूमिका : मुख्यमंत्री**

# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम फौलादी इच्छाशक्ति से कर रहे हैं काम - मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0 को किया संबोधित**

**रायपुर( समय दर्शन )।** विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम फौलादी इच्छाशक्ति के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की सबसे अहम भूमिका होगी। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक उद्यमी को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का ब्रांड एंबेसडर बनना होगा। प्रदेश के स्टील उद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए हरसम्भव सहयोग हमारी सरकार प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0 को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। हम विकसित छत्तीसगढ़ की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं केंद्रीय राज्य मंत्री था तब स्टील इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से अक्सर मुलाकात होती रही है। श्री साय ने कहा कि 17 राज्यों से आए 1500 प्रतिनिधि यहां दो दिन स्टील उद्योग की चुनौतियों व नये अवसर पर मंथन करेंगे। मुझे विश्वास है कि यहां हुई चर्चा स्टील सेक्टर के साथ ही छत्तीसगढ़ और देश की तरक्की को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन प्रदेश में स्टील उद्योग को तो प्रोत्साहित करेगा ही, एमएसएमई के लिए भी लाभकारी होगा। देशभर के उद्योग जगत के लोग छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा में भागीदार होना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ में अवसर के कई द्वार अभी और खुलेंगे। जल्द ही हम लिथियम जैसी ऊर्जा खनिज के सबसे बड़े केंद्र बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्टील उद्योग के लिए काफी अवसर हैं। हमारे पास स्टील इंडस्ट्री के लिए जरुरी खनिज जैसे लोहा ओर और कोयला के साथ ही बिजली पर्याप्त मात्रा में है। हम स्टील उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर हैं। हमें गर्व है कि हमारा प्रदेश देश की इकोनॉमी का पावर हाउस है।

# किसानों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली की नई कहानी कृषक उन्नति योजना

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए संचालित कृषक उन्नति योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि और खुशहाली की नई मिसाल कायम की है। इस योजना के माध्यम से किसानों को न केवल उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है, बल्कि उनकी जीवनशैली में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रवेली के किसान श्री अगनुराम साहू इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। श्री अगनुराम साहू के पास 15 एकड़ जमीन है, जहां वे धान और अन्य फसलों की खेती करते हैं। इस वर्ष कृषक उन्नति योजना के तहत उन्हें 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य मिलने पर उन्हें 2 लाख 40 हजार रूपए का लाभ हुआ। इसके अलावा, उन्हें बकाया धान का बोनस के रूप में 60 हजार रूपए प्राप्त हुए। इस राशि ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बल्कि उनके भविष्य की योजनाओं को भी साकार करने में मदद मिली है। श्री साहू ने बताया कि वे खेती में आधुनिक तकनीकों और नवीनतम यंत्रों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने धान की बिक्री से मिली राशि से ट्रैक्टर खरीदा है और अब वे उसकी किस्त चुकाने के साथ ही अपने खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, वे अपने सपने का पक्का मकान बनाने की तैयारी भी कर रहे हैं। श्री साहू को न केवल कृषक उन्नति योजना का लाभ मिला है, बल्कि अन्य सरकारी योजनाओं से भी उनकी जिंदगी बेहतर हो रही है। पर्रीनाला एनीकट के माध्यम से सिंचाई के लिए मोटर पंप पर उन्हें 11 हजार रूपए का अनुदान मिला है। घर में नल-जल योजना से स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हुई है। उनकी बहू को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति और बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना ने हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। अब हमारे पास न केवल खेती के लिए बेहतर संसाधन हैं, बल्कि हमारी जीवनशैली में भी सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाएं उनके जैसे किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

# पानी प्रकृति का अनमोल उपहार, इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी : मुख्यमंत्री साय




**मुख्यमंत्री ने इंडियन वॉटर वर्क्स एसोसिएशन के अधिवेशन का किया शुभारंभ**

**रायपुर( समय दर्शन )।** पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसे ईश्वर ने हमें बेमोल दिया है, लेकिन हमें इसका मोल समझना होगा। आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है। देश-दुनिया के कई शहरों में भू जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। हम सभी को पानी की एक-एक बूंद को सहेजना होगा। जल संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है। जल प्रबंधन आज समय की मांग है। हमें आने वाली पीढ़ियों के बेहतर जीवन के लिए जल के प्रबंधन, संरक्षण के साथ ही जल स्रोतों के संवर्धन पर विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के 57वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक जलवायु संकट के परिपेक्ष्य में जल संरक्षण और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के लिए जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, अमृत सरोवर, मिशन अमृत और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान शुरू कर जल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मोदी जी ने प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर घर नल से जल योजना शुरू की। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन प्रदान किया है।

# मोवा ओवरब्रिज डामरीकरण घोटाला भाजपा के भ्रष्टाचार का आईना

**रायपुर( समय दर्शन )।** मोवा ओवरब्रिज के नये डामर की पर्तों को एक दिन में ही उधड़ने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हयु प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। राजधानी के मोवा के ओवरब्रिज में 5 दिनों तक यातायात रोककर डामरीकरण किया गया था। आज फिर से डामर उखड़ना चालू हो गया है। यह भाजपा के भ्रष्टाचार का उदाहरण है। सूचना जारी किया गया था कि 5 दिन के लिये ओवरब्रीज को बंद किया जा रहा है। 5 दिन में कार्य पूरा हो जायेगा। 5 दिनों तक लाखो लोग घंटों जाम से परेशान रहे, जब काम पूरा हुआ



तो पता चला वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। डामर, गिट्टी अलग-अलग हो गयी दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज जब भ्रष्टाचार की पर्ते खुल रही है, डामर उखड़ रहा है, तब सरकार की तरफ से विज्ञप्ति जारी किया गया है, अभी काम पूरा नही हुआ है, जहां डामर उखड़ रहा है, वहां फिर से मरम्मत किया जायेगा। लेकिन सरकार की तरफ से यह नहीं कहा गया कि सड़क की गड़बड़ी की जांच करवाई जायेगी इसका मतलब ठेकेदार की गड़बड़ी को सरकार का संरक्षण है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में जहां भी नये निर्माण कार्य हो रहे है वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है, बस्तर से लेकर सरगुजा और राजधानी में सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार हावी है। सड़कें बनती नहीं है उखड़ जा रही है। भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण सड़क निर्माण में हुई गड़बड़ी के कारण बीजापुर में मुकेश चंद्रकार की हत्या हुई थी।

## रायपुर की आयुषि गोयल ने पहले ही प्रयास में पास की सीए परीक्षा

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर की आयुषि गोयल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की प्रतिष्ठित परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर एक मिसाल कायम की है। आयुषि ने 317 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। वे एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संजय गोयल की सुपुत्री हैं। आयुषि ने बताया कि यह उनका पहला प्रयास था और उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान अनुशासन और निरंतरता बनाए रखी। वे प्रतिदिन तीन से चार विषयों पर फोकस करती थीं और लेखन अभ्यास पर भी विशेष ध्यान देती थीं। उन्होंने कहा, ऑडिट पेपर थोड़ा चुनौतीपूर्ण था क्योंकि इसमें बहुत सी चीजें याद रखनी पड़ती थीं, लेकिन मैंने इसे भी सफलतापूर्वक पार किया। आयुषि ने आगे बताया कि वे भविष्य में शिक्षण क्षेत्र में जाना चाहती हैं और सीए की तैयारी कर रहे छात्रों का मार्गदर्शन करना चाहती हैं। उनके पिता संजय गोयल खुद एक सीए हैं और उन्होंने ही आयुषि को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया। आयुषि की सफलता ने उनके परिवार, दोस्तों और शिक्षकों को गर्व महसूस कराया है। उनकी उपलब्धि उन छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो अपने लक्ष्यों को पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आयुषि की यह कहानी न केवल उनके समर्पण और मेहनत को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सटीक योजना और प्रयासों से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## गौ हत्या और गौ तस्करी के खिलाफ सड़क पर उतरे सैकड़ों लोग



**रायपुर( समय दर्शन )।** गौ माता की हत्या और गौ तस्करी के बढ़ते मामलों के विरोध में आज सर्व हिंदू समाज ने रायपुर में प्रदर्शन किया तथा एसपी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोगों के साथ धर्माचार्य संत, समाजसेवी, युवा और महिलाएं शामिल हुए। बता दें कि पिछले दिनों राजधानी रायपुर के आजाद चौक थानाक्षेत्र के मोमिन पारा में गौ हत्या कर मांस विक्रय करने का मामला सामने आया था जिसमें कुछ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले में लेकर शुक्रवार को राजधानी के घड़ी चौक में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोगों के साथ धर्माचार्य संत, समाजसेवी, युवा और महिलाएं एकत्रित हुए जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक में चक्काजाम किया और जुलूस के रूप में एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां अपना विरोध दर्ज कराया। समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने झंडे और बैनर लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान पूरा क्षेत्र गौ माता की जय और गौ हत्या बंद करो के नारों से गूंज उठा। प्रदर्शन के दौरान सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाया तो यह आंदोलन और भी व्यापक और उग्र रूप धारण करेगा। प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में कहा कि गौ माता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हम किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

## कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की बैठक

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करने और मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। इसी पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सभी निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राजधानी मुख्य मार्गों एवं ब्रिजों की सड़कों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने एवं निर्माण के पश्चात जांच कर भुगतान करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सड़कों के निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर सख्ती के साथ कार्रवाई की बात कहीं और सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि दिसंबर 2024 तक के पूर्व कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्माण एजेंसी को कार्यों उपरांत तत्काल राशि भुगतान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में लेटलतीफी नहीं होनी चाहिए। बिना कोई लेटलतीफी के कार्रवाई शुरू की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि शासकीय भवनों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भवनों के निर्माण के बाद रंगाई एवं पुताई के कार्य भी किया जाएं और साफ-सफाई भी निरंतर की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट 10 दिनों के भीतर भेजी जाएं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग, बालोद**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

कमांक- 149 /व.ले.लि./NIT- 10 /2024-25/बालोद दिनांक :- 10/01/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-21/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 29/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 30/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटीक्र. निविदा क्र. | कार्यका नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत(रू.लाख में) अमानत राशि बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07 T0051 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत शासकीय महाविधालय भवन अरमरीकला के सैप्टिक टैंक का विशेष मरम्मत का कार्य | 0.99 743.00 14850.00 |
| 07 T0052 | अनुविभाग क्रं. 01 बालोद के अंतर्गत जिला जेल संजारी बालोद में पाथ-वे एवं ड्रेन निर्माण एवं बैरक में मरम्मत कार्य | 14.83 11123.00 222450.00 |
| 08 T0053 | अनुविभाग क्रमांक 02 बालोद के अंतर्गत दल्लीराजहरा बायपास मार्ग लं. 19.00 कि.मी. में सर्वे का कार्य | 2.97 3750.00 44550.00 |
| 08 T0054 | अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री एकत्रीकरण का कार्य | 5.00 3750.00 75000.00 |
| 08 T0055 | अनुविभाग क्रं.02 बालोद के अंतर्गत विश्राम गृह डौण्डी में अहाता निर्माण का कार्य | 18.01 13508.00 270150.00 |

नियम व शर्तें :-

1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) श्रमिक पंजीयन/ ई.पी.एफ. पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी/ नोटरी द्वारा) 5) निविदाकारों की श्रेणी "द" से "अ" निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि "02 माह " होगी।

G- 242505248/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.बालोद संभाग बालोद

# कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**निर्धारित समय पर कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने के दिए निर्देश**



**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित रजिस्टर की जांच की और सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को अपने समय की पाबंदी सुनिश्चित करनी होगी ताकि कार्यालय के कार्य बिना किसी रुकावट के चल सकें। डॉ. सिंह ने आयुष्मान शाखा के संचालन के बारे में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वर्तमान में जो आयुष्मान शाखा प्रथम तल पर स्थित थी, उसे अब ग्राउंड फ्लोर में शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने यह कदम उठाने के पीछे मुख्य कारण बताया कि इससे आने वाले हितग्राहियों को कोई कठिनाई नहीं होगी और वे आसानी से अपनी सेवाएं ले सकेंगे। इसके अलावा कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय के सभी दरवाजों को कार्यकाल के दौरान खुला रखने का आदेश दिया और यह सुनिश्चित करने की बात कही कि कार्यालय के किसी भी गेट पर पर्दा नहीं लगे। उन्होंने कार्यालय के स्टोर रूम के मरम्मत और प्रशिक्षण परिसर में बाथरूम के निर्माण के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### नियम को तुरंत बदलने की जरूरत

ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार मिलने चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदलने की जरूरत है। ऐसे नियम अतार्किक हैं, जिनकी वजह से देश का नाम रोशन करने वाली शख्सियतों से उनका सम्मान छिने और वे आहत महसूस करें। वैसे भी सम्मान पाने के लिए खेल प्रतिभाओं के खुद आवेदन करने की शर्त अजीबोगरीब है। इसी शर्त के कारण ओलिंपिक खेलों में अप्रतिम प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज मनु भाकर इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कार पाने से वंचित हो गई हैं। भाकर का कहना है कि शर्त के मुताबिक उन्होंने पुरस्कार के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन किया था। लेकिन संभवत- किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण उनकी अर्जी अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाई। इस तरह जिस साल उन्होंने ओलिंपिक्स में दो पदक जीत कर ऐसा करने वाली पहली भारतीय बनीं, उन्हें इस पुरस्कार से वंचित होना पड़ा है। इस पर मनु के असंतोष को आसानी से समझा जा सकता है। उनके पिता ने एक इंटरव्यू में मनु की उदास प्रतिक्रिया की जानकारी दी। उनके पिता ने बताया- %उसने मुझसे कहा कि मुझे ओलंपिक्स जाकर देश के लिए पदक जीतने ही नहीं चाहिए थे। असल में मुझे एथलीट ही नहीं बनना चाहिए था।' जब नाम जारी हुए, तब मनु को पता चला कि इस वर्ष खेल रत्न पुरस्कारों के लिए जिन 12 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है, उनमें उनका नाम नहीं है। जबकि 2021 में टोक्यो ओलंपिक्स के बाद वहां पदक जीतने वाले सभी सात खिलाड़ियों को खेल रत्न से सम्मानित किया गया था। ओलिंपिक्स में मेडल जीतना खेल जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होता है। जहां मुकाबला सचमुच वैश्विक स्तर का हो, वहां कामयाब होना आसान नहीं होता। ऐसे में जो खिलाड़ी पदक जीतते हैं, उन्हें स्वाभाविक रूप से खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना जाना चाहिए। इसके लिए एथलीट खुद अर्जी दें, इस नियम को तुरंत बदले जाने की जरूरत है। मनु भाकर की उपलब्धि कितनी बड़ी है, क्या इसे उन्हें खुद बताना चाहिए? भारत में दिक्कत यह है कि ओलंपिक्स की सफलता देश को सिर्फ एक-दो दिन याद रहती है। ओलंपिक्स जैसे मौकों पर उपलब्धियों के अभाव के लिए देश की यह संस्कृति कम जिम्मेदार नहीं है। बहरहाल, अब सूरत बदले जाने की जरूरत है।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान


**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का 'अष्टाध्यायी' व पातंजलि का 'महाभाष्याधायी' का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।

अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं



यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन

प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो ।
समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो ॥

सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये। स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नही हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरण देते रहते थे।

राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रूपये प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनो का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनो के जन्म व मृत्यु का समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्रोत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की। जिसकी राजस्थान में प्रथम शाखा खेतड़ी में 1958 को राजा अजीतसिंह के पौत्र बहादुर सरदार सिंह द्वारा खेतड़ी प्रवास के दौरान स्वामी जी के ठहरने के स्थान स्वामी विवेकानन्द स्मृति भवन में प्रारम्भ करवायी गयी। मिशन द्वारा खेतड़ी में गरीब तथा पिछड़े बालक-बालिकाओं के लिए श्री शारदा शिशु विहार नाम से एक बालवाड़ी, सार्वजनिक पुस्तकालय, वाचनालय एवं एक मातृ सदन तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी चलाया जा रहा है। खेतड़ी चौराहे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने 1996 में स्वामी विवेकानन्दजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया था। जिससे आनेवाली पीढियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खेतड़ी में रामकृष्ण मिशन का दौरा कर स्वामी विवेकानन्द जी से जुड़ी यादों का अवलोकन कर चुके हैं।

## जुमलेबाजी का जमाना

देखिए बंधुवर, क्या आपको नजर नहीं आ रहा कि हमने आपके साथ किए हुए सभी वायदे पूरे कर दिए हैं। ज्भूखा आदमी परेशान है। एक छोटा-सा परिवार भी है उसका। कितनी भयानक सर्दी है। पेट में अन्न का दाना नहीं। पहनने को पूरे कपड़े नहीं। बाप-दादा के जमाने का एक छोटा-सा कमरा विरासत में मिला था। वक्त के थपेड़ों ने उसे लगभग खंडहर बना दिया। छत की खपरैल टूटी पड़ी है। न जाने कहां-कहां से सर्द हवा तीर की तरह सबके सीने में उतरती है। कभी-कभी सोचते हैं, इससे तो मौत बेहतर है। क्यों न इस जिंदगी का अंत ही कर दें। फिर भी सब सपने देखते हैं। टूटे-फूटे त्रासद सपने। मरने के बाद शायद उनके पीछे बचे इस परिवार को इसका कुछ मुआवजा मिल जाए। बच्चों के बदन पर कपड़े आ जाएं। टूटी छत की मरम्मत हो जाए। लेकिन अपने सपनों में मरने से क्या होगा? कई वर्षों से मरने वालों की गिनती नहीं होती। गिनती हो तो मुआवजा देना पड़ता है। इसलिए उन्हें तो सीधे-सीधे निबटा दो। अत्यधिक शीत से अकड़ कर मर गए तो हम कहेंगे, हाजमा दुरुस्त नहीं था, मर गया। इन गरीबों की पारिवारिक कलह भी बहुत होती है। इसलिए फंदा लगा कर मर गया। सपने चलते हैं, बंधुवर, आंकड़े गवाह हैं, कि भूख से कोई नया आदमी नहीं मरा। फसलें मरने से किसी नए किसान ने फंदा नहीं लगाया। आपने कैसे कह दिया कि इस देश में हरित क्रांतियां असफल हो गईं। पहले से किसी लाभ का नामोनिशान नहीं बचा और दूसरी हरित क्रांति शुरू करने का साहस ही नहीं हुआ। हम तो पर्यावरण प्रदूषण संधि पर भी हस्ताक्षर कर आए थे, चाहे हमारा दादा भाई अमरीका बहाना लगाकर इससे बाहर हो गया। सपना चल रहा है। हम करेंगे भई, प्रदूषण नियंत्रण पर काम शुरू करेंगे, लेकिन दो साल के बाद। इस बीच मौसम की बदमिजाजी सहन कीजिए। अपनी फसलों को मरता देखिए, मंडियों में उन्हें खुले पड़े-पड़े खराब होते देखिए। बाहर जो मंडी के चौराहे में लटक कर मर गया, वह तो मात्र एक पगला था, जो 'अच्छे दिन आएंगे' की बात पर सच ही विश्वास कर बैठा। अपनी जान देकर उसने इस विश्वास का मोल चुका दिया। सपना बोलता हैज्अब जब जान ही नहीं रहेगी तो उसे कैसे पता चलेगा कि हमने अगले पांच वर्षों में देश की आय को दुगना कर देना था। हम इसे इतना बाहुबली बना देते कि चीन और अमरीका भी कहीं पीछे छूट जाते। परिभाषाएं बदल जातीं? छोटा भाई बड़ा कहलाने लगता, और बड़ा छोटा होकर फिसड्डी हो जाता। ज्पर आह! तुमने हमारे भाषणों, वायदों और दिलासा भरे तेवरों का विश्वास नहीं किया, और अब फंदा लेकर लटके हुए हो चौराहे में। एक अनजान, गुमनाम लाश, कि जिसके मरने का आजकल कई वर्षों से हिसाब-किताब नहीं रखा जाता। भूखा आदमी परेशान है। ऐसे विरोधाभासी वक्तव्यों से वह कैसे संतुष्ट हो जाए? लेकिन वह एक आदमी नहीं, मर-भुक्खों की जमात है। हर वर्ष इनकी संख्या को घटता बता दिया जाता है। अभी सरकारी डेस्क से इनकी संख्या मात्र बाईस करोड़ बताई जा रही है, लेकिन भूखा आदमी सोचता है, बाईस करोड़ है कि एक सौ बाईस करोड़। सुना था, उसके देश में एक सौ बयालीस करोड़ लोग बसते हैं। उनमें से उसे तो हर व्यक्ति अपने जैसा लगता है। फुटपाथ पर सिकुड़ी पड़ी लाश-सा आदमी, अपनी झुग्गी-झोंपड़ी की टूटी खपरैल में से अपनी मोतियाबिंद भरी आंखों से डूबते चांद और उगते हुए सूरज की तलाश करता हुआ आदमी। अपनी टूटी साइकिल पर बीवी को बिठा कर चलता हुआ आदमी। पास से धूल उड़ा कर निकल जाती हुई आयातित कार को देखता हुआ आदमी।

# चीन में एचएमपीवी का प्रकोप कोरोना के बाद नया खतरा

**योगेश कुमार गोयल**

2020 में चीन से हुई कोरोना की शुरूआत के बाद इसने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए। अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है और कोरोना की शुरूआत के करीब 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नए वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोर्टों में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक इस वायरस ने इन दिनों चीन में दस्तक देकर वहां दहशत फैला रखी है और इस खतरनाक वायरस के कारण वहां के अस्पताल में मरीजों की संख्या बहुत बढ़ गई है तथा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर भी रहे हैं लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

दरअसल विदेशी मीडिया पर लगे प्रतिबंधों के कारण चीन से कोई भी खबर दुनिया तक आसानी से नहीं पहुंच पाती, केवल चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ही खबरों का एकमात्र जरिया है, जो दुनिया को वही खबर बताती है, जो वहां की सरकार चाहती है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इस खतरनाक वायरस के हमले से चीन में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशान में बढ़ती बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर 'सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)' नामक एक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन इस समय एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई




वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है और वहां के अस्पताल विशेष रूप से निमोनिया और 'व्हाइट लंग' के मामलों से परेशान हैं।

पूरी दुनिया के लिए महासंहारक साबित हुए कोविड-19 वायरस की उत्पत्ति को लेकर भले ही चीन आरोपों को खारिज करता रहा लेकिन बार-बार यह पुष्टि होती रही कि वह वायरस चीन के वुहान शहर से ही दुनिया में फैला था लेकिन वुहान में यह कैसे फैला था, उस रहस्य से पर्दा अब तक नहीं उठ सका है और अब एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी प्राणाघातक और महासंहारक वायरल रोगों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है लेकिन इसका रहस्य दुनिया आज तक पता नहीं लगा पाई है। चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा हो रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर पूरी दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। कोविड संकट के दौरान विश्व के तमाम देशों की औद्योगिक गतिविधियों सहित जनजीवन भी पूरी तरह ठप्प हो गया था। उस दौरान चीन को छोड़कर तमाम देशों की अर्थव्यवस्था लगभग खत्म होने के कगार पर आ गई थी। कई देश तो इसका खामियाजा आज तक भुगत रहे हैं।

एचएमपीवी वायरस के संक्रमण की तेज गति को देखते हुए इसके अन्य देशों में फैलने के खतरों से इन्कार नहीं किया जा सकता। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं लेकिन इन दिनों चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में चीन में इसके बेतहाशा बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है तथा लगातार अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मौसमी इन्फ्लुएंजा और सांस संबंधी संक्रमणों की निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. अतुल गोयल का कहना है कि खबरों में कहा जा रहा है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें ऐसा नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की संभावना है। वहीं, दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन और बाल रोग विशेषज्ञ डा. अरूण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढ़ने की अभी संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से निकलने वाले स्राव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमोवायरस जीनस का हिस्सा है, जो एक सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमण काल तीन से पांच दिन होता है। इस वायरस के संक्रमण से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे यह बार-बार संक्रमण का कारण बन सकता है। एचएमपीवी भी कोरोना की ही भांति श्वसन पथ को संक्रमित करता है, हालांकि कोरोना के मुकाबले इस वायरस के कारण ऊपरी और निचले दोनों श्वसन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक कम पहचाना गया वायरस है लेकिन यह दुनियाभर में मौसमी श्वसन बीमारियों में योगदान कर रहा है। एचएमपीवी में कोरोना ही भांति फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इससे जुड़े सामान्य लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफशामिल हैं। विशेषज्ञों का सुझाव है कि शिशुओं और बुजुर्गों, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उनमें मेटान्यूमोवायरस के कारण गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढंकना, संक्रमितों लोगों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।

# विकसित भारत बनाने की यात्रा आगे बढ़ेगी

**एस. सुनील**

विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है।ज् केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है। ऐसी संभावना है कि इस अवधि में अनेक लम्बित विधायी कार्यों का निपटारा किया जाएगा। संसद में दो विधेयक संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी के समक्ष हैं। जेपीसी वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव के लिए लाए गए विधेयक पर विचार कर रही है दूसरी जेपीसी बनी %एक देश, एक चुनाव' के महत्वाकांक्षी कानून पर विचार करेगी। नव वर्ष 2025 की संभावनाओं का आकलन कई पहलुओं से किया जा रहा है। हर व्यक्ति के मन में यह सवाल उठ रहा है कि 2025 में भारत कैसा होगा? भारत की अर्थव्यवस्था कैसी होगी? राजनीति के क्षेत्र क्या गतिविधियां होंगी? कौन कौन से विधायी कार्य लम्बित हैं, जिन्हें पूरा किया जाएगा? विपक्ष क्या वैसे ही राजनीति करता रहेगा, जैसे अभी कर रहा है? सनातनधर्मियों की ओर से सभ्यतागत न्याय सुनिश्चित करने के लिए जो पहल की जा रही है क्या वह जारी रह पाएगी? 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ का क्या संदेश देशवासियों के लिए होगा? वैश्विक पटल पर भारत की क्या स्थिति होगी? विश्व में युद्ध और तनाव का जो दौर चल रहा है वह 140 करोड़ भारतवासियों को कैसे प्रभावित करेगा और आम नागरिक का जीवन कैसा होगा? इनके अलावा भी निश्चित रूप से कुछ और प्रश्न होंगे, जिनके उत्तर की खोज किसी न किसी रूप में हो रही होगी। इन समस्त प्रश्नों के बीच अगर एक वाक्य में 2025 की संभावनाओं का आकलन बताना हो तो कहा जा सकता है कि नव वर्ष सांगठनिक, विधायी और आर्थिक उपलब्धियों का वर्ष होगा। जब हम संगठन की बात करते हैं तो उसमें तमाम राजनीतिक दलों और सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक संगठन आ जाते हैं। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जिसने पिछले एक सौ साल में भारत की संस्कृति और धर्म के रक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक किया है। 12 वर्ष के बाद महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, जहां देश के तमाम धार्मिक संगठन और अखाड़े एकत्र हो रहे हैं। सनातन धर्म से जुड़े समस्त संगठनों के लिए कोई नया दिशा निर्देश महाकुंभ से निकलेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलना है। अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के लक्ष्मण की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कर्नाटक के बेलगावी में कार्य समिति की विशेष बैठक में संकेत दिया कि संगठन में इस वर्ष बदलाव किए जाएंगे। विधायी कामकाज के दृष्टिकोण से वर्ष 2025 बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। यह एक बड़े चुनावी वर्ष यानी सुपर इलेक्शन ईयर के बाद का साल है। पिछले साल यानी 2024 में पूरे साल चुनाव होते रहे थे। पहले लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए। यानी 2024 लोकसभा और आठ राज्यों के चुनाव का वर्ष था। वह सिर्फ भारत के लिए बड़ा चुनावी वर्ष नहीं था। दुनिया के महाशक्ति देशों में भी पिछले वर्ष चुनाव हुए। अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हुआ तो ब्रिटेन और फ्रांस में संसद का चुनाव हुआ। कह सकते हैं कि 2024 में पूरा विश्व ही चुनाव में व्यस्त रहा था। नव वर्ष 2025 में भारत में सिर्फ दो राज्यों के चुनाव हैं। साल के आरंभ में दिल्ली का विधानसभा चुनाव है और वर्ष के अंत में बिहार का चुनाव है। इसके बीच केंद्र और राज्य सरकारों को एक बड़ा अंतराल विधायी और प्रशासनिक कार्यों के लिए मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### धमतरी पुलिस,थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर टीम द्वारा सोरिद भर्री पारा धमतरी में जुआ खेल रहे 05 जुआरियों के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** संक्षिप्त विवरण -: धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली धमतरी एवं सायबर टीम द्वारा जुआ खेलने वाले 05 जुआरियों पर धारा 3(2) छ.ग.जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

मुखबिर के बताये जगह जाकर भर्री पारा सोरिद में आम जगह पर ताश खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया जो रूपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश काट पत्ती नामक जुआं खेलते रंगे हाथ मिलने पर 05 जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 13160/- रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 03(2) छ.ग.जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

*जुआरियों का नाम*-: खोमन सिन्हा पिता नदूराम सिन्हा उम्र 32 वर्ष पता बोरिदकला थाना पुरूर जिला बालोद कान्हा साहू उर्फ खोमेन्द साहू पिता स्व0 मोहन राम साहू उम्र 26 वर्ष पता अम्बेडकर चौक (जोधापुर)धमतरी, ओमप्रकाश साहू पिता हजारी साहू उम्र 42 वर्ष पता देवागन पारा भटगांव थाना रूंदी जिला धमतरी,सुरेन्द देवागन पिता स्व0 बल्लू राम देवांगन उम्र 35 वर्ष पता सोरिद काली मंदिर के पास धमतरी, प्रिंस सिन्हा पिता जोहत राम सिन्हा उम्र 31 वर्ष पता जोधापुर वार्ड धमतरी जिला धमतरी(छ.ग.)

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी/सायबर निरीक्षक सन्नी दुबे,प्रआर0 लोकेश नेताम आरक्षक फनेश साहू ,दीपक साहू,विकाश द्विवेदी,आनंद कटकवार, योगेश नाग,मनोज साहू , मुकेश मिश्रा,किशोर देशमुख, युवराज ठाकुर,कृष्णा पाटिल,थाना कोतवाली से प्रआर0 सौरभ पटेल, आरक्षक भूपेंद्र पदमशाली सहित थाना कोतवाली स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने किया छत्तीसगढ़ के युवा शक्ति का सम्मान

#### विकसित भारत के लिये नया विजन

**रायपुर**/राष्ट्रीय युवा महोत्सव दिल्ली में छत्तीसगढ़ के एक सौ दस युवाओं का केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में पंथ मार्ग स्थित अपने शासकीय आवास पर स्वागत किया। सभी युवाओं को तिलक आरती कर और पुष्प प्रदान करते हुए अपने गृह में प्रवेश अभिनंदन किया।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पहुंचे छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल का अभिवादन किये और सभी युवाओं को छत्तीसगढ़ का राष्ट्रीय फलक पर प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी

छत्तीसगढ़ के युवाओं से किया सीधा संवाद

ज्ञात हो कि नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद (यंग लीडर्स डायलॉग) का आयोजन चल रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय युवा महोत्सव का एक नया रूप है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के एक सौ दस नौजवान जो पूरे प्रदेश भर से चुनकर यहां पहुंचे हैं। वे सभी विभिन्न कार्यक्षेत्रों के प्रभावी और प्रतिभा के धनी हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने प्रत्येक युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके विचारों को सुना। साथ ही उनके विचारों का प्रोत्साहन दिया। श्री तोखन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस विकसित भारत के लिए एक नया विजन प्रस्तुत करता है। इन युवाओं के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ -विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

*केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने युवाओं को आशीर्वाद स्वरूप विवेकानंद जी की जीवनी एवं स्मृति चिह्न भेंट किया और उनके परिवारजनों के साथ भोजन किया।

भव्य स्वागत, सम्मान और रात्रि भोज से युवा गद-गद थे। युवाओं के प्रतिनिधि मंडल को लेकर पहुंचे अधिकारियों और युवाओं ने इतनी आत्मीयता से मुकालात करने और सस्नेह भोजन करवाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू के प्रति आभार जताया।

# ग्रामीणों की समस्या, शिकायत और मांग का निराकरण करने प्रशासन आपके गांव पहुंचा है, इसका लाभ उठाएं - विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम

### जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर केरेगांव में मिले 33 आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर किया गया निराकरण

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी/ शासन के निर्देशानुसार आमजनो के समस्या, मांग एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में इस साल का पहला शिविर आज नगरी विकासखंड के ग्राम केरेगांव में आयोजित किया गया। इस दौरान शिविर में मिले 33 आवेदनों में से अधिकांश का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की समस्या,




मांग और शिकायतों के निराकरण के लिए आपके गांव पहुंची है, इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इसके साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों और इनसे लाभान्वित होने की भी जानकारी शिविर में दी जाती है, जिसका सबको फ़ायदा उठाना चाहिए।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 38 लोगों की जांच कर स्वास्थ्य परामर्श के साथ ही नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। आयुर्वेद विभाग द्वारा 42 लोगों को काढ़ा वितरित किया गया और आयुर्वेद औषधियां प्रदाय की गई। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और महतारी वंदन योजना और श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन कर विभागीय जानकारी और पुलिस विभाग द्वारा साइबर अपराध की जानकारी दी गई। वहीं पशु चिकित्सा विभाग, कृषि, उद्यानिकी, शिक्षा इत्यादि विभागों द्वारा विभागीय और योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री जी आर मरकाम, एस डी एम डॉ विभोर अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों की दी गई जानकारी



### "संविधान के उद्देशिका का किया गया सामूहिक वाचन"

**महासमुंद (समय दर्शन)।** भारत के संविधान पर अधारित आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा महासमुंद में छात्र-छात्राओं के साथ व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमे मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान तथा मानव अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई इसके साथ ही सभी उपस्थित शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भारत के संविधान के उद्देशिका का सामुहिक रूप से वाचन किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा भारत के संविधान तथा उनके महत्व और मानव अधिकारों के विषयों पर सामूहिक चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्वांतों और शासन के ढ़ाचे का प्रतीक है। यह भारम के सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। संविधान विधि के शासन पर आधारित प्रशासन के लिए रूपरेखा स्थापित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति विधि से उपर नहीं है। संविधान मौलिक अधिकारों की गांरटी देता है जैसे वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता आदि की रक्षा करता है साथ ही इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर कानूनी निवारण के लिए तंत्र प्रदान करता है। इसके अलावा सचिव चन्द्रा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे, समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशो को कार्य रूप देना और लोगो को नि:शुल्क कानूनी सेवाए प्रदान कराना होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अमी रूफस, शिक्षकगण प्रमोद कुमार कन्नौजे, आकांशा भोई, जीआर टंडन सहित अधिकार मित्र हरिचंद साहू मोहित कुमार साहू उपस्थित थे।

# दिशा बहुउद्देशीय सेवा समिति ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में किया नि:शुल्क पुस्तक वितरण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)** दिशा बहुउद्देशीय सेवा समिति सारंगढ़ के द्वारा अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सारंगढ़ में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतियोगी परीक्षा का नि:शुल्क वितरण किया गया। प्रत्येक पलकों का एक सपना होता है कि वह अपने बच्चों को सही शिक्षा प्रदान करें इसी उद्देश्य के साथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पालक अपने बच्चों को छात्रावास में अध्ययन करवाते हैं। दिशा बहुउद्देशी सेवा समिति ने जरूरतमंद लोगों तथा गरीब बच्चों के लिए लगातार काम करते आ रही है। छात्रावास के कुछ विद्यार्थियों के द्वारा कलेक्टर महोदय से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ पुस्तकें की मांग की थी।



इस मांग के बारे में श्री हरिनाथ खूंटे (अधिवक्ता) सारंगढ़ के माध्यम से दिशा बहुउद्देशीय सेवा समिति को जानकारी प्राप्त हुई। इसी के साथ युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए छात्रावास में नि:शुल्क पुस्तक वितरण किया। हमारी सेवा समिति बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ाने में प्रेरणा देती है। पुस्तक वितरण करने में मार्गदर्शन कोचिंग इंस्टिट्यूट परिवार के हमारे सहयोगी संचालक इन्द्रजीत मनहर सर, शिक्षक सुकांत जांगड़े सर, अभिषेक साहू सर, सुजाता जांगड़े मैम और ममता टांडे मैम साथ रहे।

# क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने प्रदेश की साय सरकार कटिबंध है : रंजना साहू

### धमतरी विधानसभा में विकास के नए सोपान रंजना साहू ने लिखे हैं : शरद साहू

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी- प्रदेश में जब से भाजपा की मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार आई है, विकास कार्य तेजी से हो रहा हैं, प्रदेशवासियों को मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह से मिलने लगी है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने धमतरी के आधारी नवागांव वार्ड में अपने कार्यकाल के विधायक निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहीं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि पुरे क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने प्रदेश की साय सरकार कटिबंध है। वार्डवासियों को निर्माण कार्य के लिए बधाई देते हुए श्रीमती साहू ने नए सामुदायिक भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर लोकार्पण किए। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट



कर किया गया। आधारी नवागांव वार्ड भाजपा वरिष्ठ शरद साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा में विकास के नए सोपान रंजना साहू ने लिखे हैं, जोकि पुर्ण रुप से मुर्त रुप में दिखाई दे रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, रेश्मा शेख, तल्लीन पुरी गोस्वामी ने भी सम्बोधित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से नंदलाल साहू, मनीष साहू,भागबली साहू, योगेश साहू, राम चरण, तीरथराम, किरण साहू, आवेश हाशमी, शैलेंद्र साहू, सूरज, खेमलाल, तुलसी साहू, सेवक, शकील अहमद, गुड्डा, ईश्वर सोनकर,भारत, सूरत सोनी, उमा देवी साहू, बिंदा साहू, इंद्राणी साहू,पूर्णिमा साहू, कजरा साहू, रेशमा शेख, रत्ना साहू, तोरण साहू, नारायण साहू, परसराम साहू, दुबे लाल साहू, चंद्रहास साहू, अफ्जल खान, दीपक साहू, आनंद साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बिलासपुर और उद्योग की तरक्की के लिए मैं अग्रसर हूं ... अरुण साव

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** 10 जनवरी को बीएनआई बिलासपुर, व्यापार व उद्योग मेला 2025 के साथ ही, शहर की जनता की उत्सुकता एवं बेसब्री से हो रहा इंतजार समाप्त हुआ। 14 जनवरी तक पांच दिनों तक होने वाले इस व्यापार मेले में अपनी भव्यता व शानदार प्रस्तुतिकरण के कारण बिलासपुर के व्यापार व्यवसाय की उन्नति को एक नया आयाम देने में सफल रहा है। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री माननीय अरूण साव, मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथियों अन्य विधायकों में धरमलाल कौशिक बिल्हा, धरमजीत सिंह तखतपुर एवं सुशांत शुक्ला बेलतरा ने उद्घाटन समारोह को गरिमापूर्ण बनाया। बीएनआई बिलासपुर व्यापार मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. किरणपाल सिंह चावला, संयोजक गणेश अग्रवाल, सह संयोजक, राजीव अग्रवाल, डॉ. सचिन यादव, विनोद पांडेय एवं अन्य पदाधिकारियों की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इनके साथ ही, प्रकाश ग्वालानी, प्रवीण झा, तविंदरपाल सिंग अरोरा, संजय मित्तल कमल सोनी, पुरुस्तम अग्रवाल, संजय मित्तल, दीपक सिंह, राकेश सिंह आदि भी मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत से की गई। डॉ. किरनपाल सिंह चावला अध्यक्ष एवं बीएनआई के अन्य पदाधिकारियों ने अपने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

मुख्यअतिथि उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार से क्व्हड्ड का परिवार बढ़ा है। मैं क्व्हड्ड की टीम को बधाई देता हूं. जिस तरह आप ये मेला आयोजित करने के लिए मेहनत की उसकी मैं प्रशंसा करता हूं. हमने उद्योग नीति से पूरे देश में प्रशंसा हो रही है. जिसका लाभ बिलासपुर को भी मिलेगा. हमारे सी एम की दिल्ली में बड़े-बड़े संगठनों से बात हो रही है अमेरिका के लोगों को छत्तीसगढ़ में आमंत्रित कर रहे है।

**लोग साल में उद्योग मेला का इंतजार करते है : धर्मलाल कौशिक**

राज्य बनने के बाद मेले के आयोजन से पूरे देश में छत्तीसगढ़ का नाम हुआ. इसमें आपके मेहनत का ही परिणाम है. आपके द्वारा



डायलीसिस मशीन देना सरहनीय कार्य है.

**बिजनेस की दुनिया में अगर बिलासपुर का नाम क्व्हड्ड की वजह से जुड़ रहा है : सुशांत शुक्ला**

बिलासपुर द्वारा उद्योग मेला का आयोजन किया जा रहा है. इस मेले के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न आयाम के लोग जुड़ रहे है. जिसमें खेल, इंजिनियर, शिक्षा आदि क्षेत्र के लोग जुड़े हुए है.

**यह मेला है मिनी भारत: धर्मजीत**

मैं क्व्हड्ड को बधाई देता हूं. हमें बिलासपुर के उद्योग पतियों पर नाज है. यह मिनी भारत बनकर 5 दिनों तक बिलासपुर में संचालित होगा.

अन्य उपस्थित अतिथियों ने व्यापार उद्योग मेला के शानदार दूसरे वर्ष के आयोजित किये जाने पर बीएनआई की मेला समिति के सदस्यों की प्रशंसा की व शुभकामनाएं दी। इस व्यापार मेले के प्रमुख आकर्षण में शहर की ग्यारह विभूतियों का लाइफटाइम सेवा सम्मान था जिसमें सम्मानित की गई विभूतियो में डॉ. गोपाल राव शेष पुरातत्व सहित्य सुब्रत बेनर्जी गणित शिक्षक, सी रामकृष्ण राव- भौतिक शास्त्र, सेवानिवृत शिक्षक, मातृ छाया संस्था-अनाथ बच्चो की सेवा, श्रीमती शशि आहूजा समाज सेवा (पंजाबी महिला संस्था) लक्ष्मी नारायण अग्रवाल मिलेट और गौ सेवा, अलेक्जेंडर पाल-सीनियर पास्तर, के.के. शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार, डॉ. एस के तिवारी वरिष्ठ चिकित्सक, महेंद्र प्रताप सिंग राणा, पूर्व सैनिक, स्वाति आनंद बालिका शिक्षा के क्षेत्र मे अद्भुत सेवा कार्य के लिये सम्मानित किया गया। व्यापार मेले के उद्घाटन समारोह में मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शको को लुभाया, इसमें सुश्री दुर्गा साहू एवं साथियों द्वारा भरथरी व पंडवानी लोक नृत्य-गायन एवं भाटापारा की कक्षा-6वी छात्रा आदिति श्री देवांगन का नृत्य आकर्षक रहा। व्यापार मेले में, मानवता सेवा संस्था व आशीर्वाद ब्लड बैंक के तत्वाधान मे लगातार 5 दिन ब्लड डोनेशन का आयोजन किया जायेगा।

इस वर्ष बीएनआई व्यापार-उद्योग मेला हाईटेक रूप में शुरू हुआ है- मेले संबंधी संपूर्ण जानकारी दर्शक एक एप के माध्यम से प्राप्त कर सकते है, यह एप वेबसाइट betainda.in से डाउनलोड की जा सकती है। 400+ स्टॉल्स के साथ, विभिन न उत्पादों को जोन के अनुसार बांटा गया है। जिसमें एसईसीएल, अपोलो हॉस्पिटल,एल एण्ड टी, हीरो होण्डा, रिनाल्ड, वाक्स वैगन कपंनियां, फुड जोन में 37+ स्टॉल्स के साथ कोर्टयार्ड मेरियट, डोमिनॉज, केसरिया स्वीट्स पहली बार भाग ले रहे है। 10+ झुले, मैजिक-शो आदि भी मनोरंजन करेंगे।

**आज के आकर्षण:** मेले के दूसरे दिन के मुख्य अतिथ मान. सुशांत शुक्ला होगें। विभिन्न कार्यक्रमों में 13 शहीदों की स्मृति में उनके परिवारों का सम्मान, पूर्व सैनिक संगठन व पूर्व सैनिक महासभा के संयुक्त तत्वाधान में होगा। स्कूली बच्चों के लिए प्रात: 11 बजे से 2 दिनों साईंस एक्जीबिशन, आयोजित है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 तथा तृतीय पुरस्कार 2100 दिया जायेगा। बिलासपुर में पहली बार मिस्टर मिसेज काम्पिटीशन (रैम्पवॉक) भी रखा गया है। इसमें भी भाग लेने आन द स्पाट होगा। 3.00 बजे स्टार्टअप के निकास के लिये कार्यक्रम होगा 4.30 बजे दोहपर विज़न बिलासपुर 2030 डॉ. देवेन्द्र सिंग के साथ एवं ग्लैमोरा फैशन शो होगा, जिसकी निर्णायक मिसेज इंडिया मनीषा आनंद होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय प्राथमिक एवम् मिडिल स्कूल पेंड्रीतराई में हुआ तृतीय मेगा पीटीएम



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शासकीय प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई,संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में तृतीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन 10 जनवरी 2025 को हुआ।सेमरिया संकुल अंतर्गत सभी तीन प्राथमिक,दो उच्च प्राथमिक एवम एक उच्चतर माध्यमिक शाला में तृतीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। सभी शालाओं में शाला प्रबंधन समिति एवम् पालकों की बेहतर भागीदारी रही।संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल ने पालक शिक्षक बैठक पर अपना विचार साझा करते हुए इनका महत्व,अवश्यकता पर प्रकाश डाला।पालक शिक्षक बैठक पर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया यथा अर्धवार्षिक मूल्यांकन की समीक्षा,परीक्षा पे चर्चा,अपार आई डी,नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा,सैनिक विद्यालय प्रवेश परीक्षा,प्रयास विद्यालय, एन एम एम एस ई जैसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर चर्चा,जाति प्रमाण पत्र, ओ आर एफ ओ एम एफ एफएल एन, गणतंत्र दिवस समारोह,शाला सुरक्षा, शाला सजावट, प्रिंटरिच, नियमित उपस्थिति, स्वच्छता,न्योता भोज पर चर्चा परिचर्चा हुआ।इस बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रकला मनहर,विधायक प्रतिनिधि श्री मती उर्मिला डहरिया, एसएससी अध्यक्ष मिडिल श्रीमानक मनहर, एसएससी अध्यक्ष प्राथमिक श्री मती रोशनी खुटेल , भोजन माता समिति अध्यक्ष श्री मती कुंती देशलहरे,मितानिन जमुना देवी देशलहरे संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल, प्रधाम पाठक मिडिल स्कूल दीप्ति किरण तिर्की, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला थानसिंह चुरेंद्र,शिक्षक षडानंद देशलहरे, मिथलेश कुमार जायसवाल, चंद्रकांत, संतोष कुमार पात्रे, नीलमशशि कुजूर एवम् सम्मानीय पालकगण की पूर्ण सहभागिता रही।

### न्यायधानी में प्रेमी ने किया प्रेमिका की हत्या का प्रयास

**बिलासपुर :** न्यायधानी बिलासपुर में एक युवती पर उसके प्रेमी आशिक ने चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया द्य घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवती अपने प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों के बीच विवाद के बाद से आरोपी सनत कश्यप चाकू से हमला करने के बाद से फरार हो गया । हत्या का मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी इलाके का है। पुलिस ने बताया कि घायल युवती का नाम नीलू कश्यप है। युवती अपने प्रेमी सनत कश्यप के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद तैश में आकर सनत कश्यप ने अपनी लिव इन पार्टनर पर चाकू से जानलेवा हमले का प्रयास किया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इस घटना की जानकारी के बाद घायल युवती को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सरकंडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने प्रेमिका पर जानलेवा हमला किया,अभी इस बात का खुलासा नही हुआ है। पीड़िता का बयान दर्ज होने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस नेआरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है

### पंचायत और ग्राम पंचायत चुनाव पर मंथन

**सूरजपुर** / गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक सूरजपुर के ऑडिटोरियम मैं आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम राष्ट्रीय प्रवक्ता जय नाथ सिंह केराम के साथ प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित हुएं,, बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार किया गया साथ ही होने वाले नगर पंचायत और ग्राम पंचायत के चुनाव पर मंथन किया गया द्य जिला और जनपद में ज्यादा से ज्यादा गोंडवाना पार्टी के सदस्यों चुनाव जीत सके इस पर रणनीति बनाई गई। चुनाव से पहले इस बैठक को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है द्य उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरा सिंह मरकाम दादा का जो सपना था उसे सब को मिलकर पूरा करना है । और आने वाले चुनाव में सबको मजबूती के साथ लड़ना है द्य तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहां की जो सोच और जो सपना हीरा सिंह मरकाम चले थे । उसे पालटी पूरा करेगी, इस बार पार्टी मजबूती के साथ दोनों चुनाव लड़ेगी द्य उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से आदिवासी विकास के आने वाले राशि को महतारी वंदन योजना में दिया जा रहा है,, महतारी वंदन योजना के लिए सरकार ने जो वादा किया था 1000 देने का उसे पूरा करे ।

# विधायक चातुरी नंद ने किया गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ...धूमधाम से निकाली गई यात्रा

### ग्राम केंदूढार, घाट कछार और उड़ेला में निकाली गई गणतंत्र यात्रा

**शंकर लहरे/ सरायपाली ( समय दर्शन )।** सरायपाली विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में अंचल में धूमधाम से गणतंत्र यात्रा निकाली गई। विधायक चातुरी नंद ने ग्राम केंदूढार से गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ किया।

विधायक नंद ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। तत्पश्चात ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का वाचन भी किया गया।

विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में गणतंत्र यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शाला परिसर पहुंची और महापुरुषों के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांग्रेस पार्टी द्वारा गणतंत्र यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज ग्राम केंदूढार से यात्रा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र यात्रा के माध्यम से हम आम जन को संविधान के महत्व को बताते है और संविधान में दिए अधिकारों के प्रति आम जनता को जागरूक करते है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र यात्रा 11 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक अंचल के विभिन्न गांवों में जाएगी और लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करेगी।



ग्राम केंदूढार के साथ ही सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम घाटकछार और भंवरपुर में भी कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा गणतंत्र यात्रा निकाली गई।

गणतंत्र यात्रा में विधायक प्रतिनिधि बिरंची बेताल,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन गुप्ता, दूधनाथ साहू, श्रवण पटेल, तन्मय पंडा,सरोज बगर्ती, सुन्दर लाल तांडी लिंगराज बारीक़, भोजराज सालमा, सत्या भोई, विषिकेशन नाग, ठंडाराम पटेल, ढागराम नायक, राजेश नाग, जयंत यादव, दुष्यंत साहू,विभिषण चौहान, सबीना बानो, अशलीशा खान सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदित हो कि पिछले वर्ष भी विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में सरायपाली क्षेत्र के गांव गांव में गणतंत्र यात्रा निकाली गई थी जिसका क्षेत्रवासियों ने प्रशंसा की थी।

# अवैध वसूली के खिलाफ मेला फुटकर व्यपारियों ने दिखाया आक्रोश

**अहिवारा (समय दर्शन)।** मेला मंडई हमारी बरसो पुरानी परंपरा रही है, ईश परंपरा को बनाये रखना हमारा कर्तव्य है,कई फुटकर व्यापारियों का जीवन यापन भी इसी से चलता है। अहिवारा मडई मेला मे ठेकेदार द्वारा फुटकर दुकानदारों से निरधारित राशि से ज्यादा वसूली की गई। अवैध वसूली के खिलाफ फूटकर व्यपारियों ने जमकर आक्रोश जताया और इसे बंद कराने के लिए फुटकर व्यपारियों ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना से सहयोग मांगा ,जिसके खिलाफ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने दिया मेला दुकानदारों का साथ दीया....

प्रबन्धन समिति को चेतवानी दी और कहा ... जो निरधारित राशि है उसके हिसाब से पैसा लिया जाए ,रेट लिस्ट साथ में रखा जाए, रशीद मैं कितने दुकानो का पैसा एक साथ ले रहे हैं अंकित किया जा जाए ...पीने के पानी और महिला प्रशाधन की समुच्चित व्यवस्था भी की जाए मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए7अहिवारा का नाम खराब हो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फूटकर व्यापारियों के सहयोग के लिए कौशल साहू (जिला उपाध्?यक्ष) जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुरुग ग्रामीण, धर्मेंद्र साहू (जिला उपाध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना भिलाई नगर,आशुतोष साहू (अध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अहिवारा नगर वे अन्य सेनानी उपस्थित थे ?



# अवैध प्लाटिंग का गोरख धंधा जोरों पर

**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन बेरला :-** बेरला मुख्य मार्ग पर अवैध प्लाटिंग का गोरख धंधा जोरों पर पुरी दबंगई एवं गुंडागर्दी के साथ यह अवैध कार्य धड़ल्ले से हो रहा है भवानी अस्पताल के कुछ दूरी पर मुख्य मार्ग से लगा हुआ उक्त प्लाट पर भू माफिया सक्रिय भिलाई निवासी संजय अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी संजय अग्रवाल जो कई वर्षों से यहां पर कृषि कार्य कर रहे हैं उनकी निजी जमीन जिसमें फेंसिंग का घेरा किया हुआ है जिसको जेसीबी मशीन से रातो रात तहस नहस कर लाखों का नुकसान किया उक्त जमीन पर कब्जा कर मुरुम डलवा कर समतल कर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है





जिसकी शिकायत संजय अग्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना बेरला में लिखित में की, संदीप सुराणा नाम के व्यक्ति ने जो इस अवैध कारोबार में लिप्त है संजय अग्रवाल ने इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए मना किया तो सामने वाला अपनी दबंगई और गुंडागर्दी का रौब दिखा रहा है, अवैध प्लाटिंग का मामला छत्तीसगढ़ में जोरो से चल रहा है

शासन का बुलडोजर भी कई जगह चल चुका है अब देखना है

बेरला में कब कार्य वाही होती है उक्त भूमि जिसका खसरा नंबर 188/1 से लगी भूमि का है,गुंडागर्दी से संजय अग्रवाल मानसिक रूप से आहत हुये हैं उन्होंने शासन प्रशासन से इस अवैध प्लाटिंग को जल्द से जल्द कार्यवाही की गुजारिश की हैं,

# सरायपाली और भंवरपुर में अवैध धान भण्डारण और परिवहन पर कार्रवाई, 340 पैकेट धान जब्त



**महासमुंद (समय दर्शन)।** सरायपाली और भंवरपुर उपतहसील में अवैध धान भण्डारण और परिवहन के खिलाफ राजस्व और मंडी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को राजस्व और मंडी की संयुक्त टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल 340 पैकेट धान जब्त किया। पहला मामला ग्राम बिजराभांटा (सागरपाली) का है, जहां सुकदेव पिता मस्तराम के बाड़ी में सिरमौती पति वेणुलाल द्वारा बाहर से 180 पैकेट धान लाकर भण्डारित किया गया था। मंडी अधिनियम के उल्लंघन की सूचना पर राजस्व और मंडी की संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन धानों को जब्त कर लिया।दूसरी घटना ग्राम खोगसा में हुई। जहां पिकअप वाहन में 80 पैकेट धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इस वाहन को संयुक्त टीम ने रोककर जांच की। जांच में वाहन पर लदा धान अवैध पाया गया, जिसे मंडी अधिनियम के तहत जप्त कर भंवरपुर उपमंडी में सुरक्षित रखा गया। इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड के ग्राम गिरसा में एक किसान के घर में अवैध रूप से धान खपाते हुए पिकअप वाहन पकड़ा गया। इसमें 80 कट्टा धान लदा हुआ था, जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर मंडी को सौंपा गया। प्रशासन ने तीनों मामलों में मंडी अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी है। जिला प्रशासन और मंडी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर उनकी कड़ी नजर है और ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आरक्षण के बाद सुना हो गया जनपद पंचायत परिसर, जनप्रतिनिधि गांव में तैयारी में मशगूल

**बलराम यादव**

**पाटन।** त्रि स्तरीय पंचायत राज के आरक्षण के बाद अब जनपद पंचायत पाटन काफी सुना सुना लगने लगा है। बता दे कि जनपद पंचायत पाटन में जनपद सदस्य ,सरपंच ,पंच सहित विभिन्न हितग्राही अपने कार्यों को लेकर पहुंचते थे। दिनभर जनपद पंचायत में गहमा गहमी लगी होती थी। लेकिन पंचायत चुनाव आरक्षण के बाद सभी जनप्रतिनिधि जहां अपने-अपने गांव में चुनावी तैयारी में मशगूल हो गए हैं वहीं पर जो सरपंच आरक्षण के कारण दोबारा चुनाव नहीं लड़ सकते हुए अपने पंचायती राज के 5 वर्षीय कार्यकाल को समेटने के लिए जुट गए हैं। ऐसे में अब पाटन आने वाले जनप्रतिनिधियों की संख्या काफी कम हो गई है । जनपद पंचायत सूना सूना लग रहा है।

जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत 25 जनपद सदस्य क्षेत्र एवं 108 ग्राम पंचायत है । दुर्ग जिला का सबसे बड़ा जनपद क्षेत्र होने के कारण जनपद पंचायत में आए दिन जनप्रतिनिधियों हितग्राहियों तथा स्थानीय चुनाव से जुड़े हुए नेताओं की भी उपस्थिति रहती थी जनपद में पंचायत के कार्यों के अलावा आम चर्चा के लिए भी लोग इधर-उधर पहुंचते थे अब जनपद पंचायत पाटन में काफी जो भीड़ जुड़ती थी वह नहीं जुट रही है इस कारण अब जनपद पंचायत परिसर सुना सुना भी लगने लगा है

आरक्षण की चपेट में आने वाले सरपंच अब अपना काम समेटने में लगे हुए हैं। बता दें कि इस बार जब से आरक्षण हुई है तब से कई सरपंचों को अपना पद आगे भी बरकरार रखना मुश्किल हो जाएगा। वह आरक्षण के कारण चुनाव नहीं लड़ पाएंगे ।इस कारण अपने 5 वर्ष के जो कार्यकाल में काम कराए हैं इसका लेखा-जोखा ठीक करने में लगे हुए हैं। वहीं कई निर्माण धीन कार्य है जिसे पूरा करने के लिए भी जुट गए हैं ।कई निर्माण कार्य का बिल भुगतान नहीं हुआ है जिसके लिए भी वह बिल भुगतान के लिए बिल सबमिट करने में लगे हुए हैं। इस तरह से जो सरपंच आरक्षण के कारण आगामी चुनाव नहीं लड़ सकते वह अब अपने काम को समेटने में लग गए हैं

**मुंगेली सरगांव के रामबोड़ कुसुम स्मेल्टर प्लांट हादसा**

# कलेक्टर एवं एसपी के कुशल नेतृत्व से रेस्क्यू ऑपरेशन कठिन चुनौतियों और संघर्षों के बीच 40 घंटे से अधिक समय तक चला सर्च ऑपरेशन

### हादसे में 04 की मौत, मृतक परिवारों को मिलेगा मुआवजा

**मुंगेली ( समय दर्शन )** मुंगेली जिले के सरगांव के रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्लांट दुर्घटना में कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ एसडीआरएफ टीम के द्वारा सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। स्मेल्टर प्लांट में लगभग 200 टन वजनी साइलो (कंटेनर )के गिरने से बड़ा हादसा हुआ। मजदूरों के उसमें फंसे होने की सूचना पर कलेक्टर एवं एसपी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। भारी भरकम कंटेनर को हटाना काफी चुनौती भरा कार्य था। प्रारंभ में बचाव कार्य के लिए नजदीकी क्रेन को बुलवाकर कंटेनर को हटाने की कोशिश की गई, परंतु भारी वजन होने के कारण से उसे हटाया नहीं जा सका।

कलेक्टर ने तत्काल संपर्क कर लगभग 400 टन क्षमता का क्रेन मंगाया, परंतु इस क्रेन के लिफ्टिंग हुक को सही जगह व्यवस्थित कर उठाना काफी चुनौती भरा कार्य था। साइलो के अंदर लगभग 80 टन कोयला का डस्ट भी भरा हुआ था। साइलो को उठाने के शुरुआती कुछ प्रयास किए गए, परंतु अत्यधिक वजन के कारण उठा पाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में साइलो के सब स्ट्रक्चर को कटिंग कर हटाया गया, उसके बाद कंटेनर को काटकर उसके अंदर भारी मात्रा में रखे डस्ट को निकाला गया। कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जिला प्रशासन व राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ा पूरा अमला मौके पर पूरी तत्परता से डंटा रहा। पूरी रात स्ट्रक्चर को कटिंग करने के बाद लगभग 80 टन डस्ट को हटाया गया। लगभग 30 घंटे लगातार काम करने के बाद इस चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम दिया गया। उसके बाद साइलो को भारी क्रेन से लिफ्ट कर हटाया गया। अब सबसे बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य था उस डस्ट के अंदर फंसे मजदूर एवं फैक्ट्रीकर्मी को निकालना। इसके लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफ की टीम बनी और उनके साथ स्वयं कलेक्टर-एसपी कुशल नेतृत्व एवं आवश्यक दिशानिर्देश देते रहे।



साइलो (कंटेनर) हटाने के बाद रातभर चले सर्च ऑपरेशन के बाद 03 शव को बाहर निकाला गया। एक व्यक्ति घायल मनोज धृतलहरे को पूर्व में ही राहत एवं बचाव कार्य करते हुए अस्पताल भेजा गया था, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस प्रकार इस हादसे में मृतकों की संख्या चार है। मृतकों में अवधेश कश्यप, पिता निखादराम कश्यप निवासी तागा जांजगीरचांपा, प्रकाश यादव पिता, परदेशी यादव निवासी अकोली बलौदाबाजार, जयंत साहू पिता, काशीनाथ साहू निवासी जबड़ापारा सरकंडा बिलासपुर हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए तत्काल सिम्स बिलासपुर भेजा गया है। मृतक के परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

**उप मुख्यमंत्री एवं विधायक पहुंचे घटना स्थल-** सरगांव के रामबोड़ स्मेल्टर प्लांट घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और वस्तुस्थिति जानने उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं स्थानीय विधायकों को भेजा। उप मुख्यमंत्री साव, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली और मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिवारों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने निर्देशित किया।

**हादसे में हुई मौत का है गहरा दुख परिवारों को देंगे मुआवजा, दोषियों पर होगी करवाई : कलेक्टर**

कलेक्टर राहुल देव ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान बताया कि 40 घंटे की मशक्कत के बाद सर्च ऑपरेशन निश्चित रूप से सफल रहा। पर इस हादसे में जिन परिवारों ने अपनें सदस्यों को खोया है उसका मुझे गहरा दुख है। जिस संवेदनशीलता और तत्परता से हमारे द्वारा इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। उसी संवेदनशीलता के साथ उनके परिवारों के साथ खड़ा रहूंगा और नियमानुसार प्रशासन द्वारा मुआवजे सहित सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम एवं लापरवाही के लिए जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**एसपी ने मृतक परिवारों के प्रति प्रकट की संवेदना, दोषियों पर होगी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मृतकों के प्रति गहरा दुख प्रकट करते हुए उनके परिवारों का प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में जिला और पुलिस प्रशासन उनके साथ है। मृतक परिवारों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाएंगे और इस घटना के दोषियों पर जांच के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ ,एसडीआरएफ सहित आपदा राहत एवं बचाव से जुड़ा पूरा अमला मौजूद रहा। वहीं एक बड़ी चुनौती यह होगा कि सरगांव के रामबोड़ स्मेल्टर प्लांट घटनाक्रम में वर्तमान छत्तीसगढ़ सत्ता पक्ष के स्थानीय विधायक, सांसद, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मुंगेली जिला प्रशासन द्वारा सरगांव के रामबोड़ स्मेल्टर प्लांट घटनाक्रम में जो भी दोषी होगा उनके ऊपर शक्त कार्यवाही किया जाएगा परन्तु जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन द्वारा जांच टीम गठित हो गई है या किया जाएगा किसी भी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के द्वारा कोई प्रतिक्रिया या फिर इस संबंध में बात नहीं कहा गया है। जो कि स्पष्ट रूप ससंदेह प्रद है।

## खबर-खास

### निक्षय निरामय अभियान

**गरियाबंद।** जिले मे कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ श्रीमती गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा विकासखंड छुरा में *निक्षय निरामय अभियान 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम*के तहत टी बी रोग लक्षण,पहचान, उपचार विषय पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को जानकारी दी गई और मानव श्रृंखला के रूप में टी बी का फॉर्मेशन बनाया गया।उक्त निक्षय निरामय अभियान 7 दिसंबर 2024 से 23 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा।इस अभियान के तहत टीबी,कुष्ठ,मलेरिया एवं वयोवृद्ध कार्यक्रम के बारे जागरूक किया जा रहा है।जिसमें टीबी के लक्षण बचाव एवं रोग के निदान के बारे में जानकारी दिया जाता है।अगर किसी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी आ रहा हो,वजन लगातार घट रहा हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो,भूख कम लगना,छाती में दर्द, शाम के समय बुखार आना, इत्यादि टीबी रोग के लक्षण हैं,इसके बचाव के लिए रोगी स्वयं अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बलगम व एक्स रे की जांच मुफ्त में करा सकते हैं।रोग से बचाव के लिए भीड़ भाड़ से बचने,मास्क का उपयोग करने,यहां वहां न थूके। इत्यादि विषयों पर पालकगण एवं बच्चों को जागरूक कर शपथ दिलाई गई।इस दौरान जिला क्षय केंद्र गरियाबंद से अमृत राव भोंसले प्रोग्राम एसोसिएट पी एम डी टी,ब्लॉक छुरा के एस टी एस अशोक दीवान,एस टी एल एस मदन मिश्रा जी. पी. वर्मा प्रभारी प्राचार्य,आयुष्मान आरोग्य मंदिर अकलवारा विकास खंड छुरा के दुर्गा सेन सी एच ओ.कु.मनीषा ध्रुव आर.एच ओ.महेश्वर नेताम आरएचओ. विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिका पी.के .टोंड्रे,एस.के .वर्मा, डी.आर.साहू,के.के.साहू,के.के.दीवान,डी.एस. दीवान, चेतना चंद्राकर,कु.एस.के.साहू,सूरज सोनी,कु. भुनेश्वरी दीवान,एके.साहू,मदन कन्नौजे,प्रीति गिलहरे उपस्थित थे।

### बॉलीवुड एक्टर लोधी कुणाल सिंह राजपूत जी शीघ्र आ रहे छत्तीसगढ

**रायपुर।** लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर छत्तीसगढ के तत्वावधान मे होगा जमकर स्वागत एवम अभिनंदन। उल्लेखनीय बात यह है कि वे लोधेशवरधाम के संयोजक एवम रिवेएरा रिसोर्ट के संचालक श्री उत्तम वर्मा जी का नया प्रोजेक्ट W.W.Water Park, सोमनी राजनांदगांव का फीता काटकर कर भव्य शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ के अलावा महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से भी अधिक संख्या मे स्वजातीय बंधू पहुँच रहे है। इस दौरान महिला समूह द्वारा मकर संक्रांति पर्व भी मनाया जायेगा। हल्दी कुंमकुंम के साथ-साथ वाण बांटने के अलावा गीत -:संगीत के कार्यक्रम आयोजित है। आमंत्रित स्वजातीय बंधूओ को तिल गुड खिलाकर मूंह मीठा किया जायेगा।

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पी पूजा पिता- पी मोहन राव, उम्र 27 वर्ष, पता 8 ए. स्ट्रीट 13, सेक्टर 7, सिविक सेंटर भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में निवासरत हूं, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड , वोटर आईडी कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम पी पूजा (P POOJA) दर्ज है।

वर्तमान में मेरे द्वारा अपना पुराना नाम पी पूजा (P POOJA) को बदलकर अपना नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) रखना चाहती हूं।

मेरे द्वारा अपने सभी अर्धशासकीय तथा शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम पी पूजा (P POOJA) से बदलकर अपना नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) करवाना चाहती हूं ।

मेरे समस्त दस्तावेजों में तथा शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम पी पूजा (P POOJA) से बदलकर मेरा नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### नाम परिवर्तन

मैं लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) उम्र 24 वर्ष पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) निवासी मकान क्रमांक 88-2, खुरसुल बोरई दुर्ग तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ मेरे आधार कार्ड क्रमांक- 912742475414 में मेरा नाम दीपू (ष्ठश्वश्वक्क) तथा पिता बल्लू (Ballu) दर्ज है।

मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में एवं स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) तथा पिताजी का नाम बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) दर्ज है।

मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरा नाम दीपू (DEEPU) पिता बल्लू (Ballu) तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में एवं स्कूल के रिकॉर्ड में दर्ज नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे नाम है।

मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में अपना नाम दीपू (DEEPU) पिता बल्लू (Ballu) से बदलकर अपना नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) दर्ज करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

# कलेक्टर अग्रवाल ने नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न कार्यों का किया औचक निरीक्षण

### साईं मंदिर, छिंद तालाब, देवरनीन तालाब,नया तालाब एवं क्रीडा परिसर का किया अवलोकन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज नगर पालिका प्रशासक राकेश गोलछा एवं सीएमओ की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद गरियाबंद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। साथ ही गरियाबंद नगर के छिंद तालाब, देवरनीन तालाब और नया तालाब का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने साई मंदिर परिसर में विकसित किये जा रहे उद्यान के कार्यो का अवलोकन कर सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर के सिविल लाईन स्थित क्रीडा परिसर का भी अवलोकन किया।वहां हो रहे निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए हरीतिमा वातावरण विकसित करते हुए क्रीडा परिसर को हरियालीमय रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा



कि गार्डन के भीतर चारों ओर अच्छे से गार्डनिंग करें एवं मैदान पर हरे घास लगाएं।उन्होंने आवश्यक घास,पौधे,फूल एवं अन्य प्राकृतिक चीजों से क्रीडा परिसर को आकर्षक बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शहर में स्थित छिंद तालाब,देवरनीन तालाब और नया तालाब का निरीक्षण करते हुए भी जल संचय बढ़ाने,तालाबों के गहरीकरण एवं साफ-सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।उन्होंने तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए भी आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये साथ ही छिंद तालाब में सौंदर्यीकरण के बनाये गये प्लान को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने तालाब में ड्रेनेज की बाधा को दूर करने आवश्यक सर्वे के कार्य योजना भी बनाने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने सभी तालाबों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चन्द्राकर,तहसीलदार मयंक अग्रवाल सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मध्य भारत के सबसे बड़े एक्जीबिशन प्लास्ट पैक 2025 व्यापार और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ छात्रों और युवाओं के लिए नए अवसर का केंद्र

**इंदौर :** प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग के लिए क्रांतिकारी कदम 'प्लास्ट पैक 2025' ने अपने दर्शकों और उद्योग विशेषज्ञों को खूब आकर्षित किया। इंदौर के लाभगंगा ग्राउंड में आयोजित इस मेगा इवेंट में तकनीकी नवाचार, रोबोटिक्स, और पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं ने उद्योगपतियों और दर्शकों का ध्यान खींचा। इस आयोजन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव नेकिया। 65 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन पहले दिन तक हो चुके थे द्य 9 जनवरी से 12 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में लगभग 50 हजारसे अधिक मेहमानों की उपस्थिति दर्ज की गई।आयोजन के दूसरे दिन लाइव मशीन प्रदर्शन ने उद्योग जगत के पेशेवरों और छात्रों का ध्यान खींचा। इनोवेटिव मशीनों और रोबोटिक्स के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर विशेष जानकारी दी गई। लाइव मशीन प्रदर्शन और रोबोटिक्स सत्र ने प्रदर्शनी में एक नई ऊर्जा लाई है। ये तकनीक न केवल उद्योग जगत को फायदा पहुंचाएगी, बल्कि छात्रों को भी प्रेरित करेगी। हम स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए तत्पर हैं।

यह एक्जीबिशन न केवल व्यापार और तकनीकी विशेषज्ञता का केंद्र बनी, बल्कि छात्रों और युवाओं के लिए नए अवसर भी लेकर आई। एक्जीबिशन के दौरान, जॉब फेयर और इंटरएक्टिव सेमिनार्स ने बड़ी संख्या में नौकरियों और उद्यमिता की संभावनाओं को उजागर किया। एक्जीबिशन के तीसरे दिन तक लगभग 17 बच्चों का प्लेसमेंट हो चुका था, जबकि 35 बच्चों का अगले राउंड लिए चयन किया गया। प्लास्ट पैक 2025 की टीम को उम्मीद है कि चार दिन चलने वाले इस एक्जीबिशन 100 से अधिक बच्चों को जॉब मिलेगी।

**रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मेला-** तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण रहा क्क रोबोटिक्स लाइव डेमो जोन, जहां अत्याधुनिक रोबोट्स ने प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, पैकेजिंग और रीसाइक्लिंग की वास्तविक प्रक्रिया को प्रदर्शित किया। 'पिक एंड प्लेस' नामक एक रोबोट 2 सेकंड से भी कम समय में प्लास्टिक से बने उत्पादों को मशीन से निकाल कर बहुत ही बेहतर ढंग से रख रहा था, जिससे लेबर में आने वाली लागत में कमी आती है, और काम एवं उत्पाद की गुणवत्ता में भी बढ़ोतरी होती है। एक अन्य रोबोट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए दोषपूर्ण उत्पादों की पहचान की और उन्हें अलग किया, जिससे औद्योगिक उत्पादन की गुणवत्ता को नया आयाम मिल रहा है। रीसाइक्लिंग ज़ोन में, कई रोबोट उपयोग हो रहे हैं जो प्लास्टिक कचरे को पुन: उपयोग के लिए तैयार किया, जिससे प्रदूषण कम करने और संसाधनों के संरक्षण पर जोर दिया गया। एक्जीबिशन में शामिल हुए दर्शकों ने इन तकनीकों को न केवल देखा, बल्कि विशेषज्ञों से इनके उपयोग और व्यावसायिक लाभों के बारे में जानकारी भी ली।

# कलेक्टर ने हायर सेकेण्डरी स्कूल फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख को तत्काल हटाने के दिये निर्देश



### कलेक्टर ने बैठक लेकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा में खराब परिणाम वाले स्कूलों पर जताई गहरी नाराजगी

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभागार में गौरव गरियाबंद अभियान अंतर्गत जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,प्राचार्यो,बीआरसीसी की विस्तृत समीक्षा बैठक ली।उन्होंने बैठक में स्कूलवार अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा की। कलेक्टर ने खराब परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यो पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने टीडी हायर सेकेण्डरी स्कूल फिंगेश्वर के संस्था प्रमुख को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। साथ ही 36 स्कूलों के संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस एवं दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिये।मॉनिटरिंग में गंभीरता नहीं बरतने वाले फिंगेश्वर के बीईओ एवं बीआरसी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने एवं उच्च शिक्षा गुणवत्ता के उद्देश्य से गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है।यह अभियान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के शत प्रतिशत सफलता हासिल करने के लिए विशेष कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक मेहनत करते हुए सभी स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए प्राचार्य एवं शिक्षक गंभीरतापूर्वक अधिक प्रयास करें। बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बीईओं, बीआरसी तथा प्राचार्य शिक्षक एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने सभी बीईओ एवं बीआरसी को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में सी एवं डी ग्रेड वाले स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को मुख्यालय में निवास करने एवं निर्धारित समय में स्कूल आने के निर्देश दिये। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विषय शिक्षकों का परीक्षा परिणाम खराब आयेगा, ऐसे शिक्षकों को चिन्हांकित कर उनके विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही की जायेगी।इसी तरह जिन स्कूलों के रिजल्ट खराब आयेगा,ऐसे संस्था प्रमुखों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही करने के लिए शासन को पत्र भेजा जायेगा। इस दौरान बैठक में संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा,जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, डीएमसी के.एस.नायक, गौरव गरियाबंद के नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकर एवं मनोज केला सहित समस्त बीईओ, बीआरसीसी एवं संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होगी। इसके लिए पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षकों द्वारा बच्चों को निरंतर मार्गदर्शन करे एवं जिले में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करे। जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम लाने के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा प्रश्न बैंक का ब्लूप्रिंट तैयार कर सभी प्राचार्य को प्रश्न बैंक दिया गया है। जिसके आधार पर विषय शिक्षक बच्चों को तैयारी कराएं। जिससे प्री बोर्ड की तैयारी आसानी से किया जा सकता है। स्कूल में कमजोर बच्चों के लिए विशेष क्लास लगाकर पढ़ाये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के अर्द्धवार्षिक परीक्षा में जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम डी ग्रेड रहा।ऐसे 36 स्कूलों के प्राचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये है।इनमें शासकीय स्कूल छिंदौला के संस्था प्रमुख तृप्ति शामिम,नागाबुड़ा के जावेद खान, बिन्द्रानवागढ़ के खिलावन साहू,बकली के एम.एल. यदु, सड़क परसुली के फ्रिबीयोला लकड़ा, कौंदकेरा के एमआर रात्रे, फिंगेश्वर के शिवसिंह कंवर, लोहझर के टी सी देवांगन,पीपरछेड़ी के जी एल नायक, नहरगांव के संजय शुक्ला, गुण्डरदेही के कमल सिंह ध्रुव,बासीन के पुष्पराज बाघमारे, बोरीद के पीताम्बर ध्रुव,दुल्ला के पीएल धृतलहरे,पसौद के नरेन्द्र कुमार यदु, धुमा के वर्षा नेताम, परसदाजोशी के दिनेश श्रीवास,पोंड की एम कुजुर, पंक्तियां के अजित साहू,सिर्रीकला के ओमप्रकाश सिन्हा, रानीपरतेवा के बसंत कुमार यदु,सिवनी की ज्योत्सना दास,भसेरा के टीआर नेताम,गरियाबंद की अल्का दानी, सांकरा की एन नरवरे,पेंड्रा की भावना,करचाली के कमल साहू,बरोंडा के रीता अग्रवाल,राजिम के दिलराम ध्रुव, बेंदकुरा के अतुल,खुटेरी की याचना जोशी,पाटसिवनी के दिनेश टंडन,एवं हाई स्कूल जेंजरा के राकेश कुमार वर्मा, किरवई के बंसत कुमार साहू,कोपरा निरंजन तिवारी, छुरा एनसी साहू शामिल है।इसी तरह अर्द्धवार्षिक परीक्षा में जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम ए ग्रेड रहा,ऐसे स्कूलों के संस्था प्रमुखों को प्रशस्ती पत्र देने के निर्देश दिये। इनमें शासकीय कन्या विद्यालय देवभोग, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोपालपुर, शासकीय हाईस्कूल बजाड़ी, शासकीय हाईस्कूल गायडबरी, मरदाकला,धौराकोट, जोबा, माड़ागांव, डुमरबहल, सेजेस फिंगेश्वर, खरीपथरा, लाटापारा, सकड़ा, देहारगुड़ा, मदनपुर, झरियाबाहरा, सेजेस मैनपुर हरदी, कुल्हाड़ीघाट, सेजेस छुरा, कोचवाय, धुरवागुड़ी एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिजली के संस्था प्रमुख शामिल है।

# गरियाबंद पुलिस द्वारा इण्ड टु इण्ड कार्यवाही करते हुए दो माह के भीतर अलग-अलग 4 प्रकरणों में कुल 145 किलो ग्राम गांजा जप्त कर 12 आरोपियो को भेजा गया जेल



### अंतर्राज्यीय, अंतरजिला एवं लोकल सप्लायर की जुडे तार का किया गया खुलाश

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के दिशा-निर्देश पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तर पर इण्ड टु इण्ड कार्यवाही हेतु‚ह्झस्न टीम गठित किया गया। जो 7 नवंबर थाना छुरा के अपराध क्रमांक 204/24, के प्रकरण मे 18 किलो ग्राम गांजा, 4 दिसंबर थाना राजिम के अपराध क्रमांक 394/24 के प्रकरण में 13 किलो 9 दिसंबर 2024 थाना राजिम के अपराध क्रमांक 399/24 के प्रकरण में 92 किलो ग्राम गांजा, 9 जनवरी 2025 थाना फिंगेश्वर के अपराध क्रमांक 12/2025 धारा 20 (ख ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 145 किलो ग्राम किमती 15 लाख रूपये के साथ 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।प्रकरण में विवेचना के दौरान पुछताछ करने पर बताया कि संतोष सोनार,विशेषर सिंह,शेखर पुटेल(बालांगीर उड़िसा) उड़ीसा से गांजा लाकर,लोकल सप्लायर योगेश साहू (अभनपुर),तारकेश्वर विश्वकार्मा (अभनपुर) के माध्यम से दीगर जिला स्तर पर गेवन्द्र साहू,विधिसंघर्षरत बालक (दुर्ग) के द्वारा महाराष्ट्र के पलाश पाटिल,अनिकेत शिंदे (नागपुर,भंडारा महाराष्ट्र) को गांजा खपाते थे।उपरोक्त तीन प्रकरण के आरोपियों के पुछताछ करने पर गांजा को महाराष्ट्र में खपाने वाले मुख्य आरोपी पलाश पाटिल एवं अनिकेत शिंद का नाम आया जिसके मोबाइल नंबर का अवलोकन करने पर उक्त आरोपियों का उडिसा होते हुए गरियाबंद आने का पता चलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक पवन वर्मा के द्वारा ग्राम जोगी तलाब के पास अपने पुलिस टीम के साथ एम.सी.पी.लगाकर आरोपियों का इंतजार कर रहे थे जो 9 जनवरी को एक सफेद रंग के स्विफ्ट डाइजर वाहन क्रं0 ह्ष्ठ.02.एट 3166 को रोकर कार का तलाशी लेने पर कार के पीछे डिक्की में गांजा रखा होना पाया गया जिसके संबंध मे संदेहियों से पूछताछ करने व नाम पता पुछने पर वाहन चालक ने अपना नाम संतोष सुना जिला बालांगीर उड़ीसा व दूसरा व्यक्ति अपना नाम बिसेसर सिंग जिला बालांगीर उड़ीसा व तीसरा और चौथा व्यक्ति अपना नाम पलास उर्फ बंटी पाटिल जिला नागपुर महाराष्ट्र व अनिकेत शिंदे जिला भण्डारा महाराष्ट्र का रहने वाला बताया जो वाहन के पीछे सफेद रंग प्लास्टिक के बोरी मे भूरा रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ 4 पैकेट में कुल 22 किलोग्राम किमती 7 लाख रूपये तथा सफेद रंग के स्विफ्ट डिजायर कार वाहन क्रं0 ह्ष्ठ 02‚ज्ञ 3166 किमती 5 लाख रूपये को समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त अरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर 20 ख्(द्बद्ब)(ष्ट) ह्ष्ठक्कस्‚ष्ह्ल का पाये से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर पुछताछ करने पर पुरी कहानी बताय।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Govenor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work:-

| NIT | Name of work | Probable amount of contract | Date of bid submission |
|---|---|---|---|
| 81/SE E/M/2024 (I Call) System Tender No164046 Registered contractor class in "D" & above For Form "B" (Item Rate Tender) | Annual Operation and General Maintenance Contract of HVAC System Installed at C.G. Niwas, New Delhi. (Approved Make Carrier/ Daikin / Bluestar) | Rs. 20.10 Lacs | 23.01.2025 |
| 82/SE E/M/2024 (I Call) System Tender No 164008 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | UTILITY SHIFTING & ELECTRIFICATION WORK 33 KV LINE,11 KV LINE FOR KACHNA SECTION UNDER PWD E/M MANTRALAYA SUB- DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs. 99.23 Lacs | 27.01.2025 |

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/ bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

G-242505276/8

# साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बिखरी छत्तीस गढ़ी व्यंजन की महक, पाटन कालेज में हुआ आयोजन

**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने रंगोली, मेहंदी सलाद और छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धाओं से रचनात्मक एवं सृजनात्मक संदेश दिया। रागिनी साहू के संयोजन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं कलाकृति की थीम पर मेहंदी स्पर्धा आयोजित हुआ जिसमे प्रथम स्थान पर कु हिना साहू बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर सयुंक्त रूप से साधना बारले एम एस सी द्वितीय सेमेस्टर, श्रुति तिवारी बी ए द्वितीय वर्ष प्राप्त किया। डॉ वंदना धन्डोरे के संयोजन में हरी हरी सब्जियों और कंदमूल से छात्र छात्राओं ने सलाद को शानदार रूप से सजाया और स्पर्धा में भाग लिए सलाद सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम गुलशन कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय कु निकिता मानकर पीजी डीसीए द्वितीय सेमेस्टर, ज्योति कुर्रे मैडम के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुआ जिसमे छात्र छात्राओं ने आकर्षक रूप से भारत वर्ष की उपलब्धि, राष्ट्रीय



शिक्षा नीति, छत्तीसगढ़ की संस्कृति, ढलते सूरज की शाम, जैसे विषय को रंगोली द्वारा प्रदर्शित कर अपनी कलाकारी दिखाई। रंगोली स्पर्धा में प्रथम रितेश कुमार एम ए चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल, द्वितीय स्थान पर जागृति बंजारे पीजीडीसीए रहे। उमंग 2025 की अंतिम स्पर्धा छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता प्रवीण जैन के संयोजन में सम्पन्न हुआ। जिसमे छात्र छात्राओं ने घर से चीला, फरा, अनरसा, गुलगुला भजिया, चौसेला, ठेठरी, खुर्मि बनाकर लाये प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में जजों के द्वारा बनाने की विधि, सामग्री, व्यंजन की विशेषता पर प्रतिभागियो से सवाल पूछे। छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धा में प्रथम कु शारदा चंद्राकर बी एस सी बायो द्वितीय स्थान कु रोशनी वर्मा एमएस सी चतुर्थ सेमेस्टर वनस्पति शास्त्र रहे। स्पर्धाओ से महाविद्यालय में प्रतियोगिता वातावरण बना हुआ है जिससे छात्र छात्राओं के रचनात्मक विकास में सहयोग है। स्पर्धाओ को सफल बनाने में प्रीति यादव, निधि यादव, गोकुल वर्मा, डोरेलाल मधुकर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त-खबर

### बसनाःसफाई कर्मियों के लिए हर महीने स्वास्थ्य शिविर, नि:शुल्क दवाइयों का लाभ



**बसना (समय दर्शन)।** बसना नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत सफाई मित्रों और कर्मचारियों के लिए हर महीने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच और देखभाल सुनिश्चित करना है। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सफाई मित्रों और कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जांच के बाद, जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। यह कदम स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

इस संबंध में नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी सूरज सिदार ने बताया कि, शिविर का आयोजन सरकार के निर्देशों और मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस पहल से सफाई कर्मियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनके कार्य प्रदर्शन और जीवन स्तर में सुधार होगा।

यह सूचना तहसील कार्यालय, समाचार पत्रों और कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध कराई गई है।

### सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम सम्पन्न



**पिथौरा (समय दर्शन)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला ठाकुरदिया कला के स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षित शनिवार के तहत 11 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक शाला की श्रीमती ज्योति शुक्ला एवं मिडिल स्कूल के शिक्षक मोहित राम पटेल ने विषय जलवायु परिवर्तन के न्यूनीकरण तथा मिडिल स्कूल के माड्यूल स्वच्छ जीवन शैली के बारे में विस्तार से जानकारी देकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक छबिराम पटेल, शिक्षक मोहित राम पटेल, मुकेशकुमार सिन्हा, प्राथमिक शाला के शिक्षक श्रीमती ज्योति शुक्ला,किरण ठाकुर,रोहिणी सिन्हा सहित उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।

### देवी भागवत के छठवें दिवस पर तीन देवियो की हुई कथा एवं राममंदिर स्थापना उत्सव पर मनाया गया दीपोत्सव



**भाटापारा ।** भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित कल्याण क्लब मैदान में छठवें दिवस की श्री देवी भागवत पुराण कथा में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने आज महागौरी, चामुंडा कालरात्रि, देवियों का चरित्र एवं चड- मूंड, धूम्र-लोचन, रक्तबीज जैसे महादैत्यो के वध की कथा का वाचन किया जिसमें धूम्र-लोचन को मोह की संज्ञा दी । वही रक्त-बीज को हमारे अंदर रहने वाले लालच का नाम दिया जो कभी खत्म नहीं होता है। क्रोध को शांत करने के लिए ज्ञान की जगह भक्ति की कहानी बताई जिसमे संत एकनाथ की कथा बताई। एक नाथ की कथा का उद्देश्य गुस्से को काबू कर किसी भी परिस्थिति को नियंत्रित करने की क्षमता और अपने तरफ स्थितियों को लाने की ताकत का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया । कथा पंडाल के अंदर आयोजकों के द्वारा आज की तिथि में अयोध्या में स्थापित राम मंदिर एवं उसमें भगवान की स्थापना का उत्सव मनाते हुए सैकड़ो दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया ।

# पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ की जिला स्तरीय बैठक पिथौरा मे संपन्न

### ताराचंद पटेल बने जिलाध्यक्ष

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ का जिला स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की अध्यक्षता में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई।

इस बैठक का आयोजन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान, प्रदेश सहसचिव ऋषिकेशन दास और कार्यकारी जिला अध्यक्ष गेंदलाल मानिकपुरी के नेतृत्व में किया गया। बैठक का शुभारंभ ब्रह्मर्षि नारद मुनि की पूजा-अर्चना से हुई।

स्थानीय पत्रकार ललित मुखर्जी व लोचन चौहान ने

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ पत्रकार साथियों का फूलमाला पहनाकर,तिलक लगाकर स्वागत किया। ब्लाक ईकाई पिथौरा के अध्यक्ष लोचन चौहान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

इसके बाद महत्वपूर्ण व समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से ताराचंद पटेल को संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त



किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान ने कहा कि, संघ को मजबूत बनाने के लिए सभी पत्रकारों को एकजुट होकर काम करना होगा। पत्रकार साथियों के हित , संवर्धन व सुरक्षा हेतु हम कृत संकल्पित हैं। संघ के द्वारा पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना का शुभारंभ हो चुका है। विषम परिस्थितियों में पत्रकारों के हितार्थ यह राशि नि: शुल्क प्रदान किया जायेगा।ताराचंद पटेल जैसे कर्मठ और ईमानदार पत्रकार को जिलाध्यक्ष बनाकर पत्रकार कल्याण महासंघ को मजबूती मिलेगी । हमें विश्वास है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करेंगे।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ताराचंद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और इसे निष्पक्ष बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महासचिव अभय धृतलहरे ने कहा कि, पत्रकारों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए संघ हमेशा तत्पर रहेगा। निकट भविष्य में संघ की बैनर तले जिले मे अनेक रचनात्मक कार्य संपादित होना है।

पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष लोचन चौहान ने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

इस बैठक में ललित मुखर्जी, चंद्रशेखर प्रभाकर, डिगेश चेलक, नरेश कोसरिया और तिलक पटेल ने पत्रकार कल्याण महासंघ की सदस्यता ग्रहण की।

उक्त बैठक में उत्तर कुमार कौशिक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, देवेंद्र काले जिला उपाध्यक्ष, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष सोहेल अकरम, अरुण कुमार साहू, देव प्रधान, देवराज साहू, जीवन ध्रुव, संतन दास मानिकपुरी, लीलेश्वर निषाद, देशराज दास, अशोक प्रधान, विजय बरिहा समेत कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

इस बैठक मे संघ की एकजुटता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने सभी कलमकारों ने स्वच्छ पत्रकारिता के लिए संगठन की मजबूती व पत्रकारों के हित व संवर्धन की दिशा मे आगे बढ़ने एकजुट हुए ।

पत्रकार ललित मुखर्जी के आभार प्रदर्शन प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

# बरोली के जल जीवन मिशन योजना कार्य मे लगा ग्रहण, ग्रामीणों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना



**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत बसना ब्लॉक के बरोली गांव में पानी की टंकी बनकर तैयार है। लेकिन इसमे आज तक पानी सफ्लाई नहीं की गई है। ग्रामीणों को जल नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों द्वारा कई बार संबंधित विभाग मे गुहार लगाने के बाद भी पानी चालू नहीं कराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचने के उद्देश्य से बसना विकास खंड के बरोली ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपए की लागत से पानी की टंकी निर्माण एक वर्ष पहले ही किया जा चुका है।

विडम्बनालश आज पर्यंत तक जल जीवन मिशन के कर्मचारियों के लापरवाही के चलते पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं की गई है।

इस कारण गांव में अभी ग्रामीणों के घरों तक नल का पानी नहीं पहुंच सका है। इससे ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। गांव से ही शशिकांत साव, राजेंद्र साव, टंकेश्वर साव, निर्मल सिदार के द्वारा बताया जा रहा है कि ग्रामीण संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से कई बार मौखिक शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी टंकी आज तक चालू नहीं की जा रही है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चेताया कि यदि एक सप्ताह के अंदर पानी की टंकी से पेयजल चालू नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में बरोली निवासी शशिकांत साव ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना में बनाए गए पानी की टंकी से आपूर्ति करने के लिए कई बार बात की गई। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। कब तक पानी मिलेगा.. किसी के पास इसका कोई जवाब नहीं है।

इस संबंध में पीएचई एसडीओ से फोन के माध्यम से बात हुआ,, उन्होंने सब इंजीनियर से जानकारी लेने की बात कही।

# बसना पिथौरा सहित महासमुन्द जिला के उत्कृष्ट खिलाड़ी करेंगे जिला का प्रतिनिधित्व

- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होंगे प्रतिभागी
- राज्य स्तरीय युवा महोत्सव रायपुर के लिए जिले की दल हुए रवाना
- बसना पिथौरा सहित महासमुन्द जिला के उत्कृष्ट खिलाड़ी करेंगे जिला का प्रतिनिधित्व




**बसना ( समय दर्शन )।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दिनांक 12 से 14 जनवरी 2025 तक संचालनालय खेल विभाग परिसर रायपुर में आयोजित किया गया हैं। बसना, पिथौरा सहित महासमुंद जिले के प्रतिभागी लोकनृत्य, लोक गीत, चित्रकला, विज्ञान मेला, कहानी लेखन, कविता गायन, तात्कालिक भाषण, रॉक बैंड प्रतियोगिता में शामिल होने आज रायपुर के लिए रवाना हुए। राज्य युवा महोत्सव में महासमुंद जिले से शामिल होने वाले प्रतिभागी इस प्रकार है- लोकनृत्य प्रतियोगिता में अजय मिर्चे एवं साथी, मुड़ियाडीह महासमुंद, लोकगीत प्रतियोगिता में द्रौपदी साहू, दिनेश साहू एवं साथी भोरिंग, महासमुंद, कहानी लेखन प्रतियोगिता में हेमा साहू लाफिनखुर्द एवं गुलशन साव सिरको बसना, चित्रकला प्रतियोगिता में रितिक पहरिया महासमुंद एवं सुष्मिता प्रधान बसना, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में भैरव प्रसाद पाल महासमुंद एवं गरिमा कन्नौजे पिथौरा, कविता गायन प्रतियोगिता में सिंधु जगत सरायपाली एवं गुलशन साव सिरको, विज्ञान मेला प्रतियोगिता में रोशनी एवं साथी पिथौरा एवं रुद्राक्ष शुक्ला पिथौरा, रॉक बैंड प्रतियोगिता में जावेद कुरैशी एवं साथी महासमुंद शामिल होंगे। जिले के दल को युवा महोत्सव रायपुर में नोडल अधिकारी एवन कुमार साहू प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, सहायक नोडल अधिकारी योगराज चौहान, योगेश प्रधान व्याख्याता सेजेश बसना, रमाकांत रघुवंशी शिक्षक, राम दर्शन पब्लिक स्कूल पिथौरा, गौरव चंद्राकर एवं सीमा चंद्राकर शिक्षक संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा शामिल कराएंगे। जिले के प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव रायपुर में शामिल होने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अशोक चक्रधारी नेहरू युवा केंद्र, प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी, पुष्प लता भार्गव, विजय मिर्चे, अवनीश वाणी, वी के असगर, डॉ. विकास अग्रवाल, अंकित भोई, डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. शुभ्रा डडसेना, सुधीर प्रधान, भूपेंद्र प्रधान, हेमसागर, प्रेमचंद डडसेना इत्यादि ने शुभकामनाएं दीं।

# वन डिपो में शव जलाने लकड़ी नहीं

**गंडई।** वन विभाग गंडई के डिपो में शव के अंतिम संस्कार करने के लिए लकड़ी उपलब्ध नहीं होने से गांव और आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया द्य गत दिनों अंतिम संस्कार करने के लिए मृतक के परिजनों को लकड़ी के लिए भटकना पड़ा। अंतिम संस्कार करने के लिए बड़ी मुश्किल से लकड़ी की व्यवस्था की गई। गंडई नगर के शत्रुहन लाल देवांगन की मौत हो गई थी जिसके अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी की व्यस्था करने समाज के कुछ लोग और मृतक के परिजनों वन विभाग के डिपो पहुँचे तो पता चला कि वहां अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी नहीं है। आनन फानन में गोकना से कच्ची लकड़?यों की व्यवस्था कर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक शत्रुहन देवांगन का बड़ा पुत्र खैरागढ़ में थाने में सिपाही के पद पर पदस्थ है। जिला भाजपा नेताओं ने डिपो में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी उपलब्ध नहीं होने की घटना को बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि डिपो में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी नहीं है जो बहुत शर्म की बात है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि अंतिम संस्कार के लिए लोगों को लकड़ी के लिए भटकना पड़े।गोकना से लकड़ी की व्यवस्था कर अंतिम संस्कार किया गया।




# रूपनारायण सिन्हा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

### शिक्षाविद्,भाजपा नेता प्रणव शर्मा ने प्रेषित की शुभकामनाएं

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य विभाग द्वारा राज्य योग आयोग के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति की गई है। योग आयोग का अध्यक्ष संघ के पुराने प्रचारक भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री रूपनारायण सिन्हा को बनाया गया है। वहीं, इस आयोग का सदस्य राकेश दुबे को नियुक्त किया गया हैं।

खबर सार्वजनिक होते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य भाजपा नेताओं के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। इस अवसर




पर पाटन विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी इंजीनियर प्रणव शर्मा ने भी नवनियुक्त योग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को बधाई संदेश प्रेषित किया। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया में लिखा, राष्ट्रसेवा में सदा समर्पित, लंबे समय से संघ के प्रचारक, प्रांत समन्वयक एवं पूर्व संगठन मंत्री, मेरे राजनीतिक गुरु आदरणीय श्री रूपनारायण सिन्हा जी को छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष नियुक्त होने पर ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं। आपने सामाजिक जीवन की कर्तव्यपरायणता का बोध हमें कराया और भी बारीकियां समझाई। योग आयोग अध्यक्ष के रूप में आप प्रदेश को निश्चित रूप से स्वस्थ जीवन जीने की नई दिशा दिखाएंगे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24